दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 12 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 270 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

झारखंड के एक कांग्रेसी सांसद के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे में 300 करोड़ नकद बरामद हुए। इसे लेकर भाई लोग ऐसे दातों तले अंगुली दबा रहे है मानों कोई अजुबा हो गया हो। अरे भई यह मत भूलो की वह कांग्रेस का सांसद है और वह भी तीसरी बार सांसद बना है। उपर से वह सांसद शराब के कारोबार से जुड़ा हुआ है। इतना मोठा माल बनाना तो बनता है। सांसद बन कर भी कोई बीपीएल कार्ड धारी तो बना नहीं रह सकता। अगर 15 साल में 1500 करोड़ रुपए नहीं बनाए तो क्या फायदा सांसद बनने का?

इतिहास बना आर्टिकल 370... केंद्र के फैसले पर लगी 'सुप्रीम' मुहर

4 साल 4 महीने 6 दिन बाद 370 हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की लगी मुहर, सितंबर 2024 तक चुनाव कराने का आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का केंद्र सरकार का फैसला बरकरार रहेगा। सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा - आर्टिकल 370 अस्थायी प्रावधान था। संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्रावधान वहां लागू हो सकते हैं। केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से 370 हटा दिया था। इसके 4 साल, 4 महीने और 6 दिन बाद आए फैसले में कोर्ट ने कहा, 'हम आर्टिकल 370 को निरस्त करने के लिए जारी राष्ट्रपति के आदेश को वैध मानते हैं। हम लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले की वैधता को भी बरकरार रखते हैं।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 30 सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश दिए।

केंद्र के हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दे सकते

सीजेआई ने कहा कि केंद्र की तरफ से लिए गए हर फैसले को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। ऐसा करने से अराजकता फैल जाएगी। अगर केंद्र के फैसले से किसी तरह की मुश्किल खड़ी हो रही हो, तभी इसे चुनौती दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं की यह दलील खारिज कर दी कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केंद्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता, जिसमें बदलाव न किया जा सके। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि आर्टिकल 356 के बाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र ने 5 अगस्त 2019 को 370 हटाया था

मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 खत्म कर दिया था। साथ ही राज्य को 2 हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया था। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कुल 23 याचिकाएं दाखिल हुई थीं। 5 जजों की बेंच ने सभी याचिकाओं की एक साथ सुनवाई की थी। संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस संजीव खन्ना शामिल थे। बेंच के सामने लगातार 16 दिन तक चली सुनवाई 5 सितंबर को खत्म हुई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के 96 दिन बाद केस पर फैसला सुनाया।

मोहन होंगे एमपी के नए सीएम
तोमर को स्पीकर का जिम्मा

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा, इसे लेकर कई दिनों से जारी सस्पेंस सोमवार को खत्म हो गया। विधायक दल की बैठक में मोहन यादव के नाम पर सहमति बन गई। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। मोहन यादव को संघ का करीबी बताया जाता है। जानकारी के मुताबिक शिवराज सिंह चौहान ने ही मोहन यादव के नाम का प्रस्ताव विधायक दल की बैठक में किया था। इस ऐलान के साथ ही सभी कयासों पर विराम लग गया है। अब सूबे की कमान मोहन यादव के हाथों में होगी। बीजेपी ने मध्य प्रदेश में भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर सरकार का गठन किया है। दरअसल, एमपी में भी दो डिप्टी सीएम होंगे। ये जिम्मेदारी जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को सौंपी गई है। इसके साथ ही बीजेपी के सीनियर लीडर नरेंद्र सिंह तोमर को विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मोहन यादव बोले- मैं पार्टी का छोटा सा कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री के रूप में अपने नाम के ऐलान के बाद मोहन यादव ने कहा कि मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं। प्यार और सहयोग के लिए पार्टी की स्टेट लीडरशिप और केंद्रीय लीडरशिप का बहुत बहुत धन्यवाद। मैं अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से निभाऊंगा। मोहन यादव की पत्नी सीमा यादव ने कहा कि मेहनत का फल अच्छा होता है। खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। भगवान महाकाल ने मेहनत का फल दिया है।

मोहन यादव का राजनीतिक कैरियर

- 1982 में माधव विज्ञान महाविद्यालय छात्रसंघ के सह सचिव रहे।
- 1984 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री और 1986 में विभाग प्रमुख
- 1988 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश सह मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी स सदस्य
- 1989-90 में परिषद् की प्रदेश इकाई के प्रदेश मंत्री उसके बाद 1991-92 में राष्ट्रीय मंत्री।
- 2004 में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छात्र नेता से लेकर सीएम तक का सफर

उज्जैन दक्षिण से विधायक मोहन यादव मप्र के नए मुख्यमंत्री होंगे। ये दूसरा मौका है जब मालवा अंचल से भाजपा ने मुख्यमंत्री का चेहरा दिया है। इससे पहले देवास जिले से आने वाले कैलाश जोशी मप्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। मोहन यादव ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से अपनी राजनीति की शुरूआत की। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में कई पदों पर रहे। 1965 को उज्जैन में पूनमचंद यादव के घर जन्में, मोहन यादव एमए, पीएचडी हैं। उनकी शादी सीमा यादव से हुई है और उन्हें दो बेटे और एक बेटी हैं।

राजस्थान के नए सीएम का फैसला आज

■ **भाजपा ने अपने विधायकों को जयपुर बुलाया**

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में मुख्यमंत्री के चयन को लेकर चल रही उठापटक आज यानी 12 दिसंबर को थम जाएगी। भाजपा ने सभी विधायकों को मंगलवार को बुलाया है। इस बैठक में शामिल होने के लिए ऑब्जर्वर राजनाथ सिंह मंगलवार सुबह आएंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यसभा सांसद सरोज पांडे और विनोद तावड़े आज रात तक जयपुर पहुंच जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा कार्यालय में शाम 4 बजे विधायक दल की बैठक शुरू होगी। पहले विधायकों से वन-टु-वन बातचीत हो सकती है। लंच के बाद औपचारिक रूप से सीएम के नाम का ऐलान हो सकता है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी और मप्र में ओबीसी वर्ग का मुख्यमंत्री बनाने के बाद यह माना जा रहा है कि राजस्थान में सामान्य वर्ग से किसी विधायक को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। दोनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री के रूप में चौंकाने वाला नाम सामने आया है, इसलिए राजस्थान में भी यही उम्मीद की जा रही है। वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ , प्रताप सिंह सिंघवी, बाबू सिंह राठौड़, जसवंत यादव, पूर्व विधायक अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत और प्रहलाद गुंजल पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बंगले पर सोमवार को भी पहुंचे। वहीं, वसुंधरा राजे के घर विधायकों के जुटने के सवाल पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर वोट मिले हैं। उनका चेहरा ही हमारी पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा है। उसके बाद भी अगर कोई सोचता है कि मेरे चेहरे से पार्टी को वोट मिले हैं तो वह मुगालते में जरूर रह सकता है, लेकिन यह सच्चाई नहीं है। वैसे भी किसी को बुलाना और अपने समर्थन के लिए कहना भारतीय जनता पार्टी की संस्कृति नहीं है।

पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा सुको पहुंचीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीएमसी की पूर्व सांसद मोहुआ मोइत्रा ने लोकसभा से निष्कासित होने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मोइत्रा पर पैसे लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप था। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने इसकी शिकायत स्पीकर ओम बिरला से की थी। मामले की जांच के लिए एथिक्स कमेटी बनाई गई, जिसकी जांच में महुआ को दोषी पाया गया। इसके बाद महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने का प्रस्ताव पेश हुआ। लोकसभा में भारी हंगामे के बाद वोटिंग हुई और प्रस्ताव पास हो गया।

कश्मीर मुद्दे को लेकर राज्यसभा में तीखी नोकझोंक

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र का आज 11 दिसंबर को छठा दिन है। कश्मीर मुद्दे को लेकर राज्यसभा में भाजपा और विपक्ष के सांसदों में तीखी नोकझोंक हुई। वहीं डीएमके के एक सांसद ने द्रविड़ आंदोलन के जनक ईवी रामास्वामी पेरियार के विवादित बयान को कोट करते हुए कहा कि हर समुदाय को अपनी पहचान तय करने का अधिकार है। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए और उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सदन में देशविरोधी बयानों की इजाजत नहीं दी जा सकती। दरअसल, सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो बिल पेश किए थे। ये बिल हैं- जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2023। इन पर चर्चा के दौरान ष्ठरूस्न सांसद एम अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कमेंट किया। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें रोका। सांसद को रोके जाने पर कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने गलत बताया।

सुको का फैसला मजबूत भारत के निर्माण की आशा का प्रतीक: मोदी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत रिपीट स्वागत करते हुए कहा कि यह आदेश एक मजबूत और अधिक एकजुट भारत के निर्माण की आशा की किरण है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा सर्वसम्मति से उस संवैधानिक फैसले को वैध ठहराए जाने के बाद आयी, जिसने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और इससे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निष्प्रभावी हो गया। मोदी ने एक्स पर कहा, आज का फैसला सिर्फ एक कानूनी फैसला नहीं है बल्कि यह आशा की किरण होने के साथ ही उज्जवल भविष्य का वादा है तथा एक मजबूत और अधिक एकजुट भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है। उच्चतम न्यायालय के फैसले को 'ऐतिहासिक' बताते हुए उन्होंने कहा , यह संवैधानिक रूप से 05 अगस्त, 2019 को संसद द्वारा लिए गये फैसले को बरकरार रखता है। यह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाइयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल तत्व को मजबूत किया है, जिसे हम भारतीय होने के नाते सबसे अधिक महत्व देते हैं। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों को आश्वास्त करते हुए कहा, आपके सपनों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहली बार 70 हजार के पार निकला सेंसेक्स

मुंबई (एजेंसी)। शेयर बाजार ने सोमवार (11 दिसंबर) को फिर नया ऑल टाइम हाई बनाया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 70 हजार के पार निकला और इसने 70,057 के स्तर को छुआ। वहीं निफ्टी ने भी 21,026 का स्तर छुआ। इसके बाद सेंसेक्स 102 अंक चढ़कर 69,928 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 27 अंकों की तेजी रही, ये 20,997 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली है। सरकारी बैंकों और रियल्टी शेयरों में आज सबसे ज्यादा तेजी रही।

वहीं हेल्थकेयर से जुड़े स्टॉक्स में आज सबसे ज्यादा गिरावट रही। 25 जुलाई 1990 को बीएसई सेंसेक्स ने पहली बार 1 हजार के स्तर को छुआ था। 1 हजार से 10 हजार तक आने में इसे तकरीबन 16 साल लगे (6 फ रवरी 2006)। लेकिन 10 हजार से 70 हजार तक के सफर को केवल 17 साल में पूरा कर लिया। इससे पहले शुक्रवार (8 दिसंबर) को सेंसेक्स 303.91 अंक चढ़कर 69,825.60 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 68.25 अंकों की तेजी रही, ये 20,969.40 के स्तर पर बंद हुआ।

कांग्रेस सांसद के 9 ठिकानों से 354 करोड़ बरामद, रेड जारी

रांची/नवप्रदेश। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ओडिशा और पश्चिम बंगाल के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी खत्म हो गई। छह दिसंबर से इन जगहों पर छापेमारी चल रही थी। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कुल 354 करोड़ रुपए मिले हैं, हालांकि कई जगहों पर यह आंकड़ा 500 करोड़ के पार भी बताया जा रहा है। अब सिर्फ धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम मौजूद है। विभाग के सूत्रों का कहना है कि आज यहां भी छापेमारी खत्म हो सकती है। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी रिकवरी है। आज इस मामले में आधिकारिक जानकारी साझा की जा सकती है।

ओडिशा के बोलांगीर स्टेट बैंक में गिनती करा रहे बैंक के रीजनल हेड भगत बेहेरा ने रविवार की देर रात कहा कि 176 बैग की गिनती पूरी हो चुकी है। इनमें 305 करोड़ कैश मिला है। वहीं, टिटलागढ़ में साहू ब्रदर्स के पार्टनर दीपक साहू व संजय साहू के आवास से 11 करोड़, संबलपुर में बलदेव साहू संस एंड ग्रुप कंपनीज की शराब भट्ठी से 37.50 करोड़ रुपए मिले हैं।

इन नोटों की गिनती संबलपुर स्टेट बैंक में चल रही थी। शनिवार रात 9 बजे गिनती खत्म हो गई थी। आयकर सूत्रों के अनुसार लोहरदगा स्थित आवास से 11 करोड़ और रांची से तीन करोड़ रुपए मिले हैं। साहू ग्रुप पर टैक्स चोरी के मामले में आयकर विभाग की छापेमारी 6 दिसंबर से चल रही है।

गरमा-गरम

आस्था... राजनीति में धर्म का परस्पर विश्वास है, छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने अपनी आस्था ऐसे प्रकट किए

सीएम बनते ही राम दरबार पहुंचे साय, भगवान श्रीराम का लिया आशीर्वाद

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी विधायक दल का नेता चुने जाने और सीएम नियुक्त होने के बाद विष्णुदेव साय मंदिरों के दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद ले रहे हैं। नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेय साय सोमवार सुबह रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने भगवान के दर्शन कर नई जिम्मेदारी को निभाने का आशीर्वाद मांगा। साय ने भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक भी किया।

उन्होंने कहा कि उन्हें सौंपा गया मुख्यमंत्री का दायित्व बहुत ही चुनौती भरा है। आज हम भगवान राम के दरबार में आशीर्वाद लेने आए हैं। जिम्मेदारी को 5 साल ठीक से निभा पाएं, छत्तीसगढ़ के सभी वर्गों का समुचित विकास कर पाएं। छत्तीसगढ़ पूरे देश में विकास में अपना एक स्थान बनाए, भगवान श्रीराम, माता जानकी और हनुमान जी से यही कामना की है। विष्णुदेव साय ने भ्रष्टाचार को लेकर सख्त तेवर दिखाए। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जितने भ्रष्टाचार हुए हैं उन सबकी जांच की होगी। जांच के बाद मिले तथ्यों के आधार पर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

कल साइंस कॉलेज ग्राउंड में होगा शपथ ग्रहण

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शपथ ग्रहण समारोह 13 दिसंबर को साइंस कॉलेज ग्राउंड में होगा। बीजेपी के नेताओं ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य अतिथि गृह पहुना अस्थाई सीएम आवास

विष्णुदेव साय के बीजेपी विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद राज्य अतिथि गृह पहुना को अस्थाई सीएम आवास बनाया गया है। रविवार को साय पहुना में ही रुके। इस दौरान सोमवार सुबह से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अस्थाई मुख्यमंत्री आवास को कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर से पाट दिया है। वहीं, पहुना के सामने से गुजरने वाली सड़क को एहतियातन ब्लॉक कर दिया गया है।

■ न्यूज गैलरी

धन्वंतरि भारतीय चिकित्सा विज्ञान के प्रतीक : मांडविया

नई दिल्ली(वार्ता)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को राज्यसभा में कहा कि महर्षि धन्वंतरि भारतीय चिकित्सा विज्ञान के प्रतीक है और हमें इस विरासत पर गर्व होना चाहिए। श्री मांडविया ने सदन में शून्य काल में 'सभापति की अनुमति से उठाए गए मामले' के अंतर्गत भारतीय चिकित्सा आयोग से संबंधित एक मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए यह टिप्पणी की। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के डॉ सांतनु सेन भारतीय चिकित्सा आयोग के प्रतीक चिन्ह में बदलाव का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। उन्होंने कहा कि आयोग का पुराना प्रतीक चिन्ह ही बना रहना चाहिए। इस पर हस्तक्षेप करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि महर्षि धन्वंतरि भारतीय शिक्षा विज्ञान के प्रतीक है। उन्होंने व्यापक स्तर पर शोध किये हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को धन्वंतरि की विरासत की विरासत पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा आयोग के प्रतीक चिन्ह में केवल धन्वंतरि का चित्र जोड़ा गया है और उसमें रंग भरा गया है।

बलिया में पत्नी बच्चों की हत्या कर लगाई फांसी

बलिया(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात्रि पारिवारिक कलह में एक युवक ने अपनी पत्नी व दो मासूम बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर झूल गया । पुलिस अधीक्षक शंकरन आनंद ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात्रि नगरा थाना क्षेत्र के ढ़ोढ़वा गांव निवासी मृतिका का भाई अंकित ने थाना बांसडीह में आकर सूचना दी कि उसके जीजा श्रवण राम (35) निवासी डेवडीह थाना बांसडीह कोतवाली बहन शशिकला के साथ मारपीट कर रहें हैं। प्राप्त सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस श्रवण राम के घर पहुंची, जहां पर छानबीन करने पर उसकी पत्नी शशिकला पत्नी (30) व उनके दो पुत्र सूर्या राव (7) व दूसरा पुत्र मिठू (4 माह) का घर के सामने बगीचे में शव प्राप्त हुआ तथा पास में ही एक पेड़ पर श्रवण राम का शव फांसी के फन्दे पर लटकता मिला। उन्होने बताया कि पत्नी व? बच्चों के शरीर पर धारदार हथियार से कोट के निशान पाए गए हैं ?। वहीं फील्ड युनिट द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने पर श्रवण राम के जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ, जिसमें उसने पारिवारिक कलह को लेकर पत्नी व दोनो पुत्रों की हत्या कर स्वयं आत्महत्या की बात को स्वीकार किया हैं ।

संप्रग के तेल बांड पर मोदी सरकार ने चुकाये 3.5 लाख करोड़

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने आज राज्यसभा को बताया कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) द्वारा जारी 1.41 लाख करोड़ के तेल बॉंड के लिए मोदी सरकार ने 3.5 लाख करोड़ रुपये चुकाये हैं जबकि पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद में की गयी कटौती से 2.2 लाख करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सदन में प्रश्नकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सुशील मोदी के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि संप्रग सरकार द्वारा तेल बॉंड के माध्यम से जुटाये गये ऋण पर मोदी सरकार को बहुत अधिक रकम चुकानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर तेल कीमतों में आयी तेजी के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पिछले वर्ष दोबार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्कों में कटौती की जिसके कारण केन्द्रीय राजस्व को 2.2 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों ने वैट में भी कमी जिसके कारण उपभोक्ताओं को 96 रुपये प्रति लीटर के आसपास पेट्रोल मिल रहा है।

अनुच्छेद 370 पर ऐतिहासिक फैसला, घाटी में बढ़ी सुरक्षा सड़क से लेकर इंटरनेट तक पर रखी जा रही पैनी नजर

श्रीनगर(ए.)। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 अब इतिहास हो गया है। 11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट की ऐतिहासिक पांच सदस्यीय बेंच ने इस पर मुहर लगा ली है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अब इस चर्चा का कोई मतलब नहीं रह जाता क्योंकि जिस दिन जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना, तब से ही जम्मू कश्मीर की संप्रभुता खत्म हो गई थी। इस फैसले के बाद जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कहीं, जम्मू में जश्न का माहौल है तो कश्मीर के नेताओं में निराशा छाई हुई है।

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले से ही जम्मू-कश्मीर में अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखा जा रही है। अफ्वाहों और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले पांच यूजर्स के खिलाफ मामला भी दर्ज किया जा चुका है।

जम्मू कश्मीर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हम संवेदनशील इलाकों में अधिक से अधिक पुलिस और अर्धसैनिक बलों को तैनात कर रहे हैं और सोशल मीडिया गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। ÷हमने पहले ही कुछ जांच चौकियां स्थापित कर दी हैं और वाहनों और यात्रियों की जांच की जा रही है।

शुक्रवार शाम को कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने फैसले के किसी भी नकारात्मक परिणाम की योजना बनाने के लिए एक विशेष सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें शीर्ष पुलिस और खुफिया अधिकारी शामिल हुए।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, ÷सभी जिला प्रमुखों को स्थिति पर नजर रखने और शरारत, गलत सूचना और सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्स कार्रवाई करने पर जोर दिया जा रहा है।

भड़काऊ पोस्ट पर 5 के खिलाफ जुर्म दर्ज

बैठक के एक दिन बाद पांच सोशल मीडिया यूजर्स पर मामला दर्ज किया गया। हालांकि, पुलिस ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि पोस्ट में क्या था? लेकिन, बडगाम और गांदरबल जिलों में दो-दो और बारामूल से एक शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

फैसले के बाद महबूबा का बयान, बोली- विरोधी चाहते हैं हम हिम्मत छोड़ दें

महबूबा मुफ्ती ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया, निसंदेह यह निराशाजनक है लेकिन, हमे निराश होने की जरूरत नहीं है। हमारे विरोधी चाहते हैं कि हम निराश हो जाएं और पीछे हट जाएं लेकिन, जम्मू कश्मीर के लोग इतने कमजोर नहीं हैं। यह हमारी हार नहीं है, यह आइडिया ऑफइंडिया की हार है। उनकी हार है। जिस गंगा-जमुनी तहजीब के साथ कश्मीर के मुसलमानों ने पाकिस्तान को दरकिनार करके गांधी के मुल्क के साथ, हिन्दू भाईयों के साथ हाथ मिलाया, ये उनकी हार है। मुफ्ती ने कहा कि सरकार ने जिस गैर कानूनी कार्य को संसद में किया, आज उसे जो जायज करार दिया गया। यह सिर्फ जम्मू कश्मीर के लिए ही नहीं पूरे भारत के लिए सजा-ए-मौत से कम नहीं है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने कहा कि न्याय फिर से जम्मू-कश्मीर के लोगों से दूर हो गया है। उन्होंने ङ्ग पर कहा, अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला निराशाजनक है। न्याय एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के लोगों से दूर है। अनुच्छेद 370 भले ही कानूनी तौर पर खत्म कर दिया गया हो, लेकिन यह हमेशा हमारी राजनीतिक आकांक्षाओं का हिस्सा रहेगा।

एएसआई ने नहीं सौंपी सर्वे रिपोर्ट, 18 दिसंबर अब नई तारीख

नई दिल्ली (ए.)। ज्ञानवापी मामले में एएसआई ने एक बार फिर सर्वे रिपोर्ट दाखिल नहीं की बल्कि कोर्ट से चौथी बार और वक?त मांग लिया। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई शुरू होने से ऐन पहले एएसआई ने एक हफ्ते और वक?त देने के लिए अर्जी लगा दी। पहले भी एएसआई सर्वे रिपोर्ट के लिए तीन बार मियाद बढ़ाई जा चुकी है। तब एएसआई ने रिपोर्ट तैयार न होने का हवाला दिया था

लेकिन इस बार सम्बन्धित अधिकारी की तबीयत ठीक न होने का हवाला देते हुए एक हफ्ता और देने की मांग की गई। कोर्ट ने एएसआई की अर्जी को स्वीकार करते हुए 18 दिसम्बर को अगली तारीख दे दी है। बताया जा रहा है कि सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए उत?तरदायी एएसआई के प्रभारी की तबीयत खराब होने के चलते यह अर्जी लगाई गई। पिछली तारीख पर कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 10 दिन की मोहलत दी थी। तब एएसआई ने कोर्ट में तीन हफ्ते का समय देने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई थी। एएसआई ने कहा तब कहा था कि पुरातत्वविदों, पुरालेखविदों, रसायनज्ञों, सर्वेक्षणकर्ताओं, भू-भौतिकी विशेषज्ञों ने सर्वे करके महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। रिपोर्ट बनाई जा रही है। जीपीआर तकनीक से हुए सर्वे की रिपोर्ट बनाने में समय लग रहा है। इस वजह से पूरी रिपोर्ट पेश करने के लिए समय चाहिए लेकिन तब कोर्ट ने सख?त रुख अपनाते हुए तीन हफ्ते की बजाए 10 दिन का ही समय दिया। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 दिसंबर की तारीख तय की थी। इस मामले में सुनवाई थी लेकिन सुनवाई शुरू होने से ठीक पहले एएसआई ने नई अर्जी लगा दी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

बेटे की 'गलती' की सजा मां को...घर से निकालकर फाड़े कपड़े, नग्न कर घुमाया, सीएम सिद्धारमैया बोले- छोड़ेंगे नहीं

बेंगलुरू। कर्नाटक के बेलगावी से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कुछ दबंगों ने एक महिला को उसके बेटे की 'गलती' की सजा दी है। दबंगों ने महिला को घर से निकाला और उसके कपड़े फाड़ दिए। ये राक्षस इतने पर हीं नहीं रुके, उन्होंने महिला को नग्न कर घुमाया और फिर एक खंभे से बांधकर उसकी पिटाई की। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मामला रविवार रात का है। पीड़ित महिला पर दबंगों ने हमला इसलिए किया क्योंकि उसका बेटे एक लड़की को लेकर फरार हो गया था। इस मामले पर राज्य के सीएम सिद्धारमैया और गृह मंत्री की तरफसे भी प्रतिक्रिया आई है। पीड़ित महिला का बेटा और उसके साथ फरार लड़की कुछ समय से एक-दूसरे के साथ रिलेशन में थे। लड़की के फरार होने की जानकारी मिलते ही उसके घर वालों लड़के के घर पर पहुंच गए और उसकी मां के साथ गलत बर्ताव किया। लड़की के परिवार ने युवक की मां को घर से निकाला और उसके कपड़े फाड़कर बाहर घुमाया। पीड़ित महिला को दबंगों ने एक खंभे से बांधकर उसकी पिटाई भी की। बेटे ने काट दी मां की गर्दन, सिर लेकर खेत में छिपा, हत्या की चौंकाने वाली वजह आई सामने मामले पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि बेलगावी ही नहीं, हमारी सरकार हर जगह बेहद सख्त है। चाहे जो भी अपराध हो, हम जुर्म करने वालों के खिलाफसख्य एक्शन लेंगे।

नाबालिग से दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

बड़वानी। शहर कोतवाली अंतर्गत नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। इसमें तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में दो विद्यार्थी हैं और एक कामकाज करने वाला युवक हैं। रविवार दोपहर को पुलिस ने आरोपितों का मेडिकल चेकअप करवाया और जेल भेजा। आरोपितों में एक शहर निवासी हैं और दो बाहर गांव के निवासी हैं। कोतवाली प्रभारी बलदेवसिंह मुजाल्दे ने बताया कि शहर निवासी एक नाबालिग बालिका के स्वजनों ने तीन आरोपितों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने एसपी, एसएसपी व एसडीओपी के मार्गदर्शन में तत्काल पुलिस टीम गठित कर महज 24 घंटे में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने करीब तीन माह पूर्व बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। इतने दिन तक बालिका डरी-सहमी रही। जब उसने स्वजनों को यह घटना बताई, तो कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित 19 वर्षीय रोहित पुत्र कमल सस्ते निवासी ग्राम गंधावल हाल मुकाम कृष्णा स्टेट कालोनी बड़वानी, 21 वर्षीय राकेश पुत्र सुरसिंह बारेला निवासी ग्राम बूदी हाल मुकाम कृष्णा स्टेट कालोनी बड़वानी और 19 वर्षीय शहजान पुत्र जाकिर शेख निवासी कृष्णा स्टेट कालोनी बड़वानी है। पुलिस के अनुसार आरोपित राकेश और शहजान विद्यार्थी हैं, जबकि आरोपित रोहित छोटा-मोटा कामधाम करता है।

गृहमंत्री शाह बोले-बिहार जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट महज राजनीतिक लाभ उठाने

पटना(ए.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति सर्वेक्षण को अपनी सरकार की उपलब्धि के रूप में पेश किया, मगर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उनके दावे को खारिज कर दिया और कहा कि यह पिछड़ी जाति के लोगों के अधिकारों को मारने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने पूर्वी क्षेत्र की 26वीं क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद कहा, चुनाव में राजनीतिक लाभ लेने के मूल विचार के साथ मुस्लिम और एक या दो जातियों को लाभ पहुंचाने के लिए बिहार में जाति सर्वेक्षण करवाया गया। साथ ही, इस रिपोर्ट के जरिए पिछड़ी जाति के लोगों का हक मारा गया। यह अन्याय है। उन्होंने कहा, जब जाति सर्वेक्षण का प्रस्ताव हमारे सामने आया, तब भाजपा बिहार में सत्ता में थी और हमने इसका समर्थन किया था।

एमपी-बंगाल समेत इन 7 राज्यों पर कोहरे की मार, बारिश और बढ़ाएगी कंपकपी

नई दिल्ली (ए.)। दिसंबर में बढ़ती ठंड के साथ कोहरे ने भी अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कुल 7 राज्यों को लेकर फॉग अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक, सोमवार को इन राज्यों के अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाया रह सकता है। आईएमडी का कहना है कि मध्य प्रदेश के उत्तरी इलाके, सब-हिमालयन वेस्ट बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय पर सबसे ज्यादा असर दिखने वाला है। खासतौर से सुबह के वक्त इन जगहों पर कोहरा छाए रहने का अनुमान है जिसे यातायात के दौरान ध्यान में रखने की सलाह दी गई है। कोहरे को लेकर आईएमडी की ओर से जारी लेटेस्ट अपडेट में कहा गया कि 12 दिसंबर को भी कुछ ऐसा ही हाल रहने वाला है।

सोमवार और मंगलवार को असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगे कहा कि पश्चिमी विक्षोभ 11 दिसंबर से हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसके चलते मंगलवार को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि देखने को मिल सकती है।

अगले 2 दिन तक इन इलाकों में बारिश के आसार

मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों के दौरान बारिश को लेकर भी अपडेट जारी किया है। इसके मुताबिक, केरल और माहे में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। ढ्ढरूष्ठ के अनुसार, 10 दिसंबर को केरल और दक्षिण तमिलनाडु में अलग-अलग जगहों पर भारी बरसात हो सकती है। मौसम कार्यालय की ओर से न्यूनतम तापमान की भी भविष्यवाणी की गई है। इसके मुताबिक, अगले दो दिनों के दौरान मध्य भारत के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में करीब 2-3 डिग्री सेल्सियस और उत्तर पश्चिम भारत में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। जाहिर है कि इससे ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ेगा। वहीं, कश्मीर घाटी में पारा शून्य से कई डिग्री नीचे जाने के कारण ठंड का प्रकोप जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार रात को पारा शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। हालांकि, सोमवार को जरूरत कुछ राहत मिली। घाटी में आज सामान्य तौर पर 8 डिग्री तापमान है। अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में शामिल दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। मौसम विभाग कार्यालय ने कहा कि सामान्य रूप से बादल छाए रहेंगे लेकिन मौसम 16 दिसंबर तक शुष्क ही रहेगा। रात के तापमान में कुछ और गिरावट का अनुमान जताया गया है।

फिलिस्तीनियों पर अन्याय के खिलाफ इजरायल के ऐक्शन पर फिर भड़कीं प्रियंका

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर फिलिस्तीन के पक्ष में आवाज उठाई है। सोमवार को उन्होंने लोगों से युद्धविराम की मांग में भाग लेने की अपील की है। साथ ही उन्होंने फिलिस्तीनियों के खिलाफ हो रहे एक्शन को 'घोर अन्याय' करार दिया है। इससे पहले भी उन्होंने भारत सरकार से 'सही के साथ' खड़े होने की मांग की थी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पोस्ट किया, 'फलस्तीनी लोगों और उनके बच्चों के नरसंहार को रोकने के लिए गाजा में युद्धविराम की मांग को लेकर आज, 11 दिसंबर, 2023 को वैश्विक हड़ताल में भाग लें। हम सभी को उनके खिलाफहो रहे घोर अन्याय के खिलाफआवाज उठानी चाहिए।' 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने इजरायल पर हमला कर दिया था। इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच संघर्ष जारी है। इससे पहले गुरुवार को भी उन्होंने 'बमबारी' की निंदा की थी। उन्होंने पोस्ट में कहा कि भारत हमेशा सही के साथ खड़ा हुआ है और आजादी के लिए फलस्तीनी लोगों के लंबे संघर्ष की शुरुआत से ही उनका समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, 'गाजा पर निर्मम बमबारी युद्धविराम से पहले से भी अधिक बर्बरता के साथ जारी है। खाद्य आपूर्ति की किल्लत है, चिकित्सा सुविधाओं को नष्ट कर दिया गया है और मूलभूत सुविधाओं को भी बंद कर दिया गया है।' एक पूरा देश खत्म किया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि तकरीबन 10,000 बच्चों, 60 से अधिक पत्रकारों और सैकड़ों चिकित्सा कर्मियों समेत 16,000 निर्दोष नागरिकों की हत्या की गई है।

उल्फा-आई ने ग्रेनेड विस्फोटों की ली जिम्मेदारी

गुवाहाटी(ए)। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम-इंडिपेंडेंट ने शिवसागर और तिनसुकिया जिलों में हाल ही में हुए ग्रेनेड विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है। उग्रवादी समूह ने असम के पुलिस महानिदेशक जी.पी.सिंह को राज्य पुलिस को अपनी पैतृक संपत्ति मानने के ख़िलाफ़ चेतावनी दी। उल्फा-आई ने शीर्ष पुलिस अधिकारी को धमकी दी कि अगर उन्होंने अपना अहंकार नहीं छोड़ा तो वे और अधिक ग्रेनेड हमले करेंगे। हमारी असम पुलिस से कोई दुश्मनी नहीं है। लेकिन असम पुलिस को अपनी पैतृक संपत्ति मानने के खिलाफ जी.पी. सिंह को चेतावनी देना चाहेंगे। संगठन ने बयान में कहा, सिंह के अहंकार के कारण असम पुलिस में कार्यरत अधिकारियों/कर्मियों व राज्य के मूल लोगों की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। हमने जो दो ऑपरेशन किए वे जी.पी. सिंह के अहंकार की प्रतिक्रिया मात्र हैं। इसके साथ ही हम चाहेंगे कि जी.पी. सिंह को यह एहसास हो कि भविष्य में उल्फा-आई किसी भी स्थान पर किसी भी तरह का अभियान चला सकता है, अगर उन्होंने असम पुलिस को अपनी पैतृक संपत्ति मानना बंद नहीं किया।

हमास बोला- बंधकों की हत्या कर देंगे

300 फिलिस्तीनियों की मौत, इजराइल का दावा 7 हजार आतंकवादी हलाक

तेल अवीव। हमास ने बंधकों को जान से मारने की धमकी दी है। हमास ने रविवार को कहा-जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं तक तब एक भी बंधक जिंदा वापस नहीं जाएगा। हमास ने बंधकों के बदले फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग रखी है। 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक चले सीजफायर में 240 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले 105 बंधकों को आजाद किया गया था। हमास की कैद में अब भी 137 बंधक हैं।

24 घंटे में हुए इजराइली हमलों में 300 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। 7 अक्टूबर को शुरू हुई इजराइल-हमास जंग में अब तक गाजा के 18 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इधर, इजराइल ने दावा किया है कि जंग में अब तक हमास के 7 हजार आतंकी मारे गए हैं। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची

हानेग्बी ने ने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक 7 अक्टूबर से गाजा में मारे गए लोगों में कम से कम 7 हजार लोग हमास आतंकवादी थे। वहीं, इजराइली सेना ने पिछले 24 घंटे में हमास के 240 ठिकाने तबाह किए हैं। ये अंत की शुरुआत है : नेतन्याहू इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा में आतंकियों ने सरेंडर करना शुरू कर दिया है। ये हमास के अंत की शुरुआत है। गाजा से हमास का कंट्रोल खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा- हमास आतंकी हथियार डाल दें और जंग खत्म करें। दरअसल, गाजा में सरेंडर करते फिलिस्तीनियों के फोटो-वीडियो सामने आ रहे हैं।

जंग खत्म करने का फैसला स नहीं कर सकता

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि इजराइल और हमास के बीच जंग खत्म करने का फैसला सिर्फ इजराइल कर सकता है। अमेरिका सिर्फ तेल अवीव को सलाह दे सकता है। दूसरी तरफ, इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने कहा है कि जंग शुरू होने के बाद अब तक गाजा में हमास के कुल 22 हजार टारगेट हिट किए गए हैं। इनमें से साढ़े तीन हजार सीजफायर खत्म होने के बाद हुए। लेबनान का आतंकी संगठन हिजबुल्लाह लगातार इजराइल पर हमले कर रहा है। अब पूरी तैयारी के साथ इजराइली सेना ने इनका जवाब देना शुरू कर दिया है। इसके तहत रविवार को उत्तरी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। हैरानी की बात यह है कि इजराइली सेना को लेबनान में भी कुछ सुरंगें मिली हैं।

इजराइल से बातचीत कर रहा है अमेरिका

ब्लिंकन ने इजराइल और हमास की जंग पर ज्यादा कुछ बोलने से परहेज किया। एक सवाल के जवाब में कहा- जंग खत्म होने की टाइमिंग अमेरिका तय नहीं कर सकता। ये जरूर है कि हम इजराइल से लगातार बातचीत कर रहे हैं। आखिरी फैसला तो इजराइल ही करेगा। एक सवाल के जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा- मुझे लगता है कि इजराइल का इरादा गलत नहीं है। वो पूरी कोशिश कर रहा है कि गाजा में आम नागरिकों को कम से कम नुकसान हो। हालांकि, नतीजे हमेशा हमारी सोच के हिसाब से नहीं आते। ब्लिंकन का यह बयान इसलिए अहम है, क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि अमेरिकी सरकार इजराइल पर ग्राउंड ऑपरेशन जल्द से जल्द खत्म करने का दबाव डाल रहा है।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने देश को दिये हैं दो भारत रत्न : मुर्मू

वाराणसी (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और डा भगवान दास के रूप में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने देश को भारत को दो भारत रत्न दिये हैं जो संस्थान की गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रमाण है। विद्यापीठ के 45वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये श्रीमती मुर्मू ने कहा कि दो-दो भारत रत्न का इस संस्थान से जुड़ना महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रमाण है। भारत रत्न डॉ. भगवान दास इस विद्यापीठ के पहले कुलपति थे और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री इस संस्था के पहले बैच के छात्र रहे थे। इस संस्थान के छात्रों से यह अपेक्षा है कि वे अपने आचरण में शास्त्री जी के जीवन मूल्यों को अपनायें। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विद्यापीठ की यात्रा जो हमारे देश की स्वतंत्रता से 26 साल पहले गांधीजी की परिकल्पना के अनुसार आत्मनिर्भरता और स्वराज के लक्ष्यों के साथ शुरू हुई थी। यह विश्वविद्यालय जो असहयोग आंदोलन से जन्मी संस्था के रूप में स्थापित हुआ था, हमारे महान स्वतंत्रता संग्राम का जीवंत प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सभी छात्र स्वतंत्रता संग्राम के हमारे राष्ट्रीय आदर्शों के ध्वजवाहक हैं। उन्होने कहा कि काशी विद्यापीठ का नाम महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ रखने के पीछे रखने का उद्देश्य हमारे स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। उन आदर्शों का अनुसरण करके अमृत काल में देश की प्रगति में अपना प्रभावी योगदान देना ही विद्यापीठ के राष्ट्र-निर्माण संस्थापकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

न्यूज गैलरी

बाल सुधार गृह से भागे 7 नाबालिग गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के माना स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से 7 नाबालिग फरार हो गए। रविवार की सुबह के वक्त नाबालिगों ने कमरे की खिड़की तोड़कर भाग निकले। इस वारदात के बाद नाबालिग सड़क से गुजरते हुए सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गए। जिसका अब वीडियो सामने आया है। इस मामले में माना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर सभी फरार नाबालिगों को 24 घण्टे में ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मिली जानकारी के मुताबिक, माना स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में रविवार को सुबह साढ़े 6 बजे के करीब यहां बंद नाबालिगों की गिनती की जा रही थी। ये रूटीन वर्क के तहत किया जा रहा था। तभी 7 नाबालिग आरोपी गिनती में कम मिले। उनकी कमरों और अन्य जगहों पर तलाश की गई तो वो कही नही मिले। जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। जब सभी कमरों की जांच की गई तो पता चला की एक कमरे के खिड़की की ग्रिल टूटी हुई है। वहां से किसी के पार होने के भी सुबूत मिले। जिसके बाद नाबालिगों की आसपास के इलाकों में तलाश की गई। लेकिन कोई हाथ नही लगा। फिर माना पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाया गया। पुलिस ने छानबीन की और सभी को पकड़ लिया।

ठेकेदार हो गया ठगी का शिकार

रायपुर/नवप्रदेश। साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब गूगल और जस्ट डायल में मिलने वाले नंबर भी फ्राड के हैं। ताजा मामले में ठेकेदार से ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। ठगों ने दो बार में 28 हजार रुपये की ठगी की है। इसकी शिकायत साइबर सेल में की गई है। साइबर की टीम फोन-पे नंबर के आधार पर आरोपितों की पतासाजी कर रही है। सिविल लाइन स्थित साइबर थाने में डुमरतराई निवासी सतेंद्र दुबे ने ठगी की शिकायत दर्ज करवाई है। प्रार्थी सतेंद्र दुबे का ठेकेदारी का काम है। उन्हें काम के लिए लेवर की जरूर थी। इसके लिए उन्होंने जस्ट डायल से नंबर निकाला। इसके बाद फोन किया। फोन करने

पीएम मोदी ने विकसित भारत @2047 आइडियास का किया शुभारंभ

- राजभवन में युवाओं की आवाज विषय पर हुई कार्यशाला
- युवाओं के नवीन विचारों को राष्ट्र निर्माण में शामिल करना होगा : श्री हरिचंदन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में विकसित भारत @2047 आइडियास Ideas पहल का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण राजभवन में आयोजित किया गया। युवाओं को विकसित भारत विजन-2047 से जोड़ने के लिए युवाओं की आवाज पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में विकसित भारत, सशक्त भारतीय, सम्पन्न और टिकाऊ अर्थव्यवस्था सुशासन एवं सुरक्षा, तथा विश्व में भारत आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन में नया भारत और नया विश्व के सृजन हेतु इस विजन को जनआंदोलन बनाने का आव्हान किया। श्री मोदी ने शिक्षा जगत के महानुभावों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों की भूमिका व्यक्तित्व निर्माण की होती है और व्यक्तित्व के निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है। श्री मोदी ने कहा कि आज हर युवा को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे जो भी करेंगे, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए करेंगे। आजादी के लिए नई चेतना का संचार करने में लिए विश्वविद्यालयों ने अहम भूमिका निभाई थी। आज विश्वविद्यालयों को विचार करना है कि भारत विकसित बनने के लिए तेजी से आगे बढ़े। देश की युवा ऊर्जा विकसित भारत श्च2047 के विजन में योगदान के लिए अपने दायरे से बाहर आकर सोचना होगा।

कार्यशाला में उपस्थित विद्ववजनों को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है। इस मिशन में योगदान देने के लिए युवाओं को आमंत्रित करके उनके नवीन विचारों को राष्ट्र निर्माण में शामिल करना महत्वपूर्ण है। इसके बारे में विश्वविद्यालय के शिक्षाविद् विचार करें। राज्यपाल ने कहा कि यह भारत का अमृत काल है। पिछले वर्षो में समग्र शिक्षा और विश्वविद्यालयों आई.आई.टी., आई.आई.एम, मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों, कौशल विकास और अन्य कई योजनाओं तथा नीतियों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक ढ़ांचे में बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि 144 करोड़ की आबादी के साथ, भारत 29 वर्ष की औसत आयु के साथ सबसे युवा देशों में से एक है। यह दुनिया की कुल युवा आबादी का लगभग 20 प्रतिशत है। यह एक बहुत बड़ा अवसर है, जिसके 2047 तक बने रहने की संभावना है। इस लाभांश का अच्छी तरह से उपयोग करके, हम भारत को एक विकसित और सशक्त भारत के रूप में आगे बढ़ा सकते हैं। कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्ववानों विकसित भारत की 2047 की परिकल्पना पर व्याख्यान दिया। जिसमें एम्स रायपुर की डीन डॉ. सरिता अग्रवाल, आई.आई.आई.टी नया रायपुर के डीन डॉ. राजेश इंगले, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिसद के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे, एन.आई.टी रायपुर के डॉ. समीर वाजपेयी, शशांक जाखोदिया, डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी वार्ताकार के रूप में शामिल हुये। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, उप सचिव श्री दीपक अग्रवाल, राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, डीन, फैकल्टी मेम्बर्स प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

सीएम साय की मां बोलीं-छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का सौभाग्य मिला

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की माता श्रीमती जसमनी देवी ने जब बेटे को मुख्यमंत्री बनाए जाने की खबर सुनी तो खुश होकर उन्होंने कहा- मेरे बेटे को छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का सौभाग्य मिला है, इससे अच्छी बात भला और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लोगों के दुलार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद का परिणाम है।

10 दिसंबर को रायपुर में विधायक-दल का नेता चुने जाने के लिए आयोजित बैठक में शामिल होने के लिए श्री साय अपने गृहग्राम बगिया से अपनी मां का आशीर्वाद लेकर रवाना हुए थे। अपनी लंबी राजनीतिक पारी में मिली सभी सफ्लताओं का श्रेय वे अपनी मां के आशीर्वाद को देते हैं। किसान परिवार से जुड़े श्री साय की राजनीतिक यात्रा बड़ी रोचक और संघर्षपूर्ण रही। उन्होंने तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश में सन् 1989 में बगिया ग्राम पंचायत के पंच के रूप में अपने राजनीतिक जीवन शुरुआत की। श्री साय सन् 1990 में ग्राम पंचायत बगिया के निर्विरोध सरपंच चुने गए। श्री साय सन् 1990 में ही पहली बार तपकरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने। सन् 1999 से रायगढ़ से सांसद बने और इसके बाद लगातार 3 बार और सांसद चुने गए। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ से सन् 1999 में 13 वीं लोकसभा, 2004 में 14वीं लोकसभा, सन् 2009 में 15 वीं लोकसभा और 2014 में 16वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में उल्लेखनीय कार्य किए। विष्णुदेव साय ने 27 मई 2014 से 2019 तक केन्द्रीय राज्य मंत्री के रूप में इस्पात, खान, श्रम व रोजगार मंत्रालय का दायित्व संभाला। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्म 21 फ्ारवरी सन् 1964 को छत्तीसगढ़ के जशुपर जिले के फ्ारसाबहार विकासखण्ड के ग्राम बगिया में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय श्री राम प्रसाद साय और माता श्रीमती जसमनी देवी साय हैं।

विष्णुदेव साय का विवाह 27 मई 1991 को श्रीमती कौशल्या देवी साय से हुआ। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के कुनकुरी से अपनी हायर सेकेण्डरी की शिक्षा पूरी की। उन्हें परिवार के राजनीतिक अनुभव का लाभ मिला। उनके बड़े पिताजी स्वर्गीय नरहरि प्रसाद साय, स्वर्गीय केदारनाथ साय लंबे समय से राजनीति में रहे। स्वर्गीय नरहरि प्रसाद लैलूंगा और बगीचा से विधायक और बाद में सांसद चुने गए। केंद्र में संचार राज्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने काम किया। स्वर्गीय केदारनाथ साय तपकरा से विधायक रहे। विष्णुदेव साय के दादा स्वर्गीय श्री बुधनाथ साय भी सन् 1947-1952 तक विधायक रहे।

प्रदेश को मिला सौम्य और प्रतिभावान मुख्यमंत्री : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के वरिष्ठ व कद्दावर नेता विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णुदेव साय को नया मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जताई हुए उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बृजमोहन अग्रवाल समेत पार्टी के सभी विधायकों ने सर्वसहमति से मुख्यमंत्री के लिए श्री विष्णु देव साय का समर्थन किया। जिसके बाद उन्हें छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुना गया।

बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जे पी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय नेतृत्व को छत्तिसगढ़ में जनजातीय समाज से मुख्यमंत्री बनाने पर बधाई और धन्यवाद दिया। पहले महामहिम द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने आदिवासी समाज को जो सम्मान दिया है उसके लिए बृजमोहन अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। बृजमोहन अग्रवाल ने विष्णु देव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ को एक बार फ्रि से विकास के रास्ते पर आगे ले जाने और मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही। अग्रवाल ने कहा यह खुशी और सौभाग्य की बात है कि छत्तीसगढ़ को साय के रूप में एक बेहद की सौम्य और प्रतिभावान मुख्यमंत्री मिला है।

संपादकीय

आखिरकार 'कमान' आदिवासी के हाथ

वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को भाजपा ने छत्तीसगढ़ का नया मुख्यमंत्री चुन लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से ही आदिवासी बहुल इस राज्य में किसी आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री बनाने की मांग जब तब उठती रही है किंतु भाजपा की जीत के बाद अब उनकी चीरप्रतिक्षित मांग पूरी हो गई । गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत से अधिक आदिवासी है। बस्तर और सरगुजा संभाग आदिवासी बहुल क्षेत्र कहा जाता है। 2023 के विधानसभा चुनाव में सरगुजा क्षेत्र से सर्वाधिक आदिवासी विधायक चुन कर आए हैं। यह वजह है कि भाजपा ने इस बार सरगुजा क्षेत्र के कुनकुरी क्षेत्र से निर्वाचित विष्णुदेव साय के हाथों में छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी है। विष्णुदेव साय ने एक पंच के रूप में अपनी राजनीति शुरु की थी और फिर वे निर्विरोध सरपंच बने थे उसके बाद दो बार विधायक और चार बार सांसद निर्वाचित हुए थे। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में विष्णुदेव साय ने इस्पात खान एवं श्रम राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया है। विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस तरह उन्हें सत्ता और संगठन दोनों का ही अच्छा अनुभव है। सबसे बड़ी बात यह है कि उनकी छवि साफ सुथरी है। वे सरल और सहज स्वभाव के विनम्र नेता रहे हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके नाम पर विधायकों की सहमति बन गयी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने विष्णुदेव साय का नाम प्रस्तावित किया जिसका सभी ने कर्तल ध्वनि से समर्थन किया। पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है और अभी मंत्रीमंडल का गठन होना बांकी है। विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के रूप में निश्चित रूप से न सिर्फ भाजपा की बल्कि पूरे प्रदेश की जनता की कसौटी पर खरे उतरेंगे, यह उम्मीद की जानी चाहिए। उनके चयन से आदिवासी बहुल सरगुजा और बस्तर संभाग में खुशी की लहर दौड़ गई है। उल्लेखनीय है कि इस बार भाजपा ने सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों पर और बस्तर संभाग की 12 में से 8 सीटों पर विजयी दर्ज की है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में किस पार्टी की सरकार बनेगी यह बस्तर और सरगुजा संभाग ही तय करता रहा है। जहां जिस पार्टी को ज्यादा सीटें मिलती थी उसी की प्रदेश में सरकार बनती रही है। इस बार भाजपा ने आदिवासी समाज को मुख्यमंत्री पद देकर गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ में आदिवासी नेता विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का भाजपा को अगामी लोकसभा चुनाव में न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में लाभ मिलेगा। भाजपा ने पहले ही एक आदिवासी नेत्री द्रोपति मुर्मु को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासी समाज में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। अब विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने के बाद आदिवासी समाज में भाजपा की पैठ और गहरी हो जाएगी। 2011 की जनगणना की मुताबिक देश में लगभग 10 करोड़ आदिवासी है। जिनका छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड सहित उत्तर भारत और दक्षिण भारत के भी कई राज्यों में प्रभाव है। बहरहाल विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद अब उनके सामने चुनौतियों का लंबा सिलसिला है। मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद विष्णुदेव साय ने कहा है कि उनकी सरकार भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए काम करेगी। सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के लिए 18 लाख आवास गृह स्वीकृत कराकर उनका निर्माण कराया जाएगा और छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर उसे मूर्तरूप से दिया जाएगा। किसानों को दो साल का बकाया बोनस तथा महिलाओं को 1200 रूपए मासिक प्रदान करने की घोषणों को भी जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाया जाएगा। विष्णुदेव के सामने सबसे बड़ी समस्या इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाना होगा। क्योंकि भूपेश बघेल सरकार ने खजाना खाली कर दिया है और प्रदेश को कर्ज में डूबा दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि डबल इंजन सरकार बनने से विष्णुदेव साय केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता लेने में सफल होंगे।

भारतीय वैदिक सनातन विचारधारा विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक

संजीव ठाकुर

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है।

लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार

आशीष वशिष्ठ

भ्रष्टाचार के खिलाफईडी, आईटी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को विपक्ष बदले की राजनीति करार देता है। लेकिन हालिया चुनाव नतीजों से उत्साहित केंद्र सरकार इन आरोपों से दबाव में आने वाली नहीं है, ये पीएम मोदी ने भी साफकर दिया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जबरदस्त जीत के बाद पीएम मोदी दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई में बीजेपी को जनता का साथ मिल रहा है। इस तरह उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में भी भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ाई को बड़ा मुद्दा बनाकर भुनाने के संकेत दे दिए हैं। यह निश्चित है कि जब तक विपक्षी दल भ्रष्टाचार सहित राष्ट्रहित से जुड़े अन्य मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण साफनहीं करेंगे तब तक एकता होने के बावजूद देश के लोगों का भरोसा जीतना आसान नहीं है। भाजपा विपक्षी दलों को लगातार निशाने पर लेती रहेगी। और इस बार लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार के मुद्दे की गूंज जोर शोर से सुनाई देगी।

इन दिनों सोशल मीडिया पर नोटों से भरी अलमारियों की कुछ तस्वीरों खूब वायरल हो रही हैं, जिनका संबंध कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और कारोबारी धीरज साहू से बताया जा रहा है। धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। ये छापेमारी झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 9 ठिकानों पर चल रही है। आयकर विभाग की इस छापेमारी में अब तक 351 करोड़ रुपए मिले हैं। साहू के ठिकानों में मिले बेहिसाब धनराषि ने फिर से एक बार देष में भ्रष्टाचार और कालेधन को लेकर बहस छेड़ दी है। इस मुद्दे पर भाजपा कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर लगातार तंज कस रही है। राजनीति से इतर ये प्रकरण एक गंभीर मामला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी रही है। पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर जबरदस्त वार किया गया था। दूसरे कार्यकाल में मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ और अधिक सख्ती से पेश आ रही है। इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देष को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बुराइयों के खिलाफलड़ाई का आह्वान किया था, जिनका देश सामना कर रहा है- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण। अब बीती 8 दिसंबर को किया गया एक्स पर उनका पोस्ट देखिए, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफऐलान-ए-जंग कर 2024 से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त प्रहार किया है। इस तरह उन्होंने लोकसभा चुनाव का एजेंडा और टोन को भी सेट कर दिया है।

याद कीजिए पीएम मोदी ने कहा था कि, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपना रखी है। हालिया पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जमकर घेरा था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तकरीबन हर चुनावी रैली में पीएम भ्रष्टाचार का मुद्दा जोर-शोर से उठाते थे। कभी महादेव ऐप घोटाला तो कभी खनन घोटाला, कभी श्लाल डायरी में दर्ज काले कारनामेश् तो कभी भर्तियों में धांधली और पेपर लीक...।

राजस्थान की ऐसी ही एक रैली में पीएम मोदी ने लाल किले से दिए अपने भाषण की बातों को दोहराते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण देश के 3 बड़े दुश्मन हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस इन तीनों की ही प्रतीक है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के कांकेर की रैली में पीएम मोदी ने गारंटी दी कि भ्रष्टाचारियों ने जो कुछ भी लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, श्मैं गारंटी देता हूं, मैं छत्तीसगढ़ के युवाओं से कहता हूं- छत्तीसगढ़ को लूटने वाले चाहे कोई भी हों, चाहे कितने भी ताकतवर हों, उन्हें सब कुछ लौटाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जून को पटना में विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक के बाद भी भोपाल में एक सभा में विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों पर जमकर चुटकियां ली थी। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल बार-बार एक शब्द आता है- गारंटी। ये सारे विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। ये गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपयों के घोटालों की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले इनका एक फोटोशॉप कार्यक्रम हुआ। उस फोटो में जो लोग हैं उन सब का मिल कर टोटल करेंगे तो ये सारे मिल कर कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये के घोटाले की गारंटी हैं।

पीएम मोदी ने बगैर किसी ठोस कार्यक्रम के समाप्त हुई विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुए कहा कि अकेले कांग्रेस का ही लाखों करोड़ों का घोटाला है। इन पार्टियों के पास घोटालों का ही अनुभव है और इसीलिए इनकी अगर कोई गारंटी है तो वो है- घोटालों की गारंटी। अगर उनकी घोटाले की गारंटी है, तो मोदी की भी एक गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की गारंटी। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्र सरकार के खिलाफईडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाने वाले विपक्षी दलों में से किसी ने भी उस समय प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन तक नहीं किया। विपक्षी दल ईडी की कार्रवाई के विरोध में सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मात खा चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई के मामले में दखल देने से इंकार कर दिया था। बीती 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर जब एजेंसियां कार्यवाही करती हैं, तो एजेंसियों पर हमला किया जाता है और जब अदालत कोई फैसला सुनाती है, तो उस पर सवाल उठाए जाते हैं। पीएम ने कहा यह पूरा देश या देख रहा है और समझ भी रहा है। भ्रष्टाचार ने हमारे देश का बहुत नुकसान किया है और उसे दीमक की तरह खोखला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 23 अप्रैल को एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि, भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी सरकार की कार्रवाई से कुछ लोग नाराज हैं। इसके बावजूद वह और उनकी सरकार भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफइस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। भले ही उनके विरोधी उनके खिलाफ कितना भी बड़ा गठबंधन बना लें, कार्रवाई नहीं रुकेगी।

भ्रष्टाचार पर मोदी सरकार का प्रहार लगातार जारी है। केंद्र की तरफ़ से संसद में रखी गई जानकारी में ये बात सामने आई है। सरकार ने संसद को बताया है कि जुलाई 2014 से दिसम्बर 2020 तक यानी बीते छह साल में 340 बड़े अधिकारियों को भ्रष्टाचार, अनियमितता या फ़िर अक्षमता के चलते जबरन रिटायर किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के विपक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों को बल इस बात से मिलता है विपक्ष के कई नेता आज भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद हैं और कई जमानत पर बाहर हैं। विपक्षी नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के ज्यादातर मामलों में अदालत ने कोई राहत नहीं दी है। विपक्ष के लिए बेशक भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा प्रमुख न हो, पर इस मामले में भारत की स्थिति भयावह है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 की 180 देशों की सूची में भारत को 40 अंकों के साथ 85वें पायदान पर रखा गया। निश्चित तौर पर राज्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण ही भारत की यह स्थिति बनी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 2008 में आज ही के दिन रमन सिंह छत्तीसगढ़ के व शिवराज सिंह ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। 2001 में 12 दिसंबर के दिन ही भारत ने नेपाल को दो चीता हैलीकॉप्टर और हथियार दिए थे। 1996 में आज ही के दिन भारत और बांग्लादेश के मध्य गंगाजल के बंटवारे को लेकर 30 वर्षीय संधि पर साइन किए थे। 1990 में 12 दिसंबर के दिन ही टी. एन. शेषन मुख्य निर्वाचन आयुक्त हुए थे। 1971 में आज ही के दिन भारतीय संसद द्वारा पूर्व राजाओं को प्रदान की जानी वाली सभी सुविधाएं रद कर दी गई थीं। 1963 में 12 दिसंबर के दिन ही केन्या स्वतंत्र हुआ था। 1936 में आज ही के दिन चीन के नेता च्यांग काई शेक ने जापान के खिलाफयुद्ध की घोषणा की थी। 1915 में 12 दिसंबर के दिन ही चीन के राष्ट्रपति युवान शी की ने राजतंत्र को दोबारा बहाल कर स्वयं को चीन का सम्राट घोषित किया था। 1911 में आज ही के दिन जॉर्ज पंचम और मेरी भारत के सम्राट के रूप में भारत आए थे। 1911 में 12 दिसंबर को ही भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई थी।

QUIZ TIME

1) न्यायाधीश जाँच अधिनियम में कितनी धाराएँ हैं?

2) भारत में लोकहितवाद को प्रारम्भ करने का श्रेय किसको है?

3) असहयोग आन्दोलन शुरू करने के समय भारत का वायसराय कौन था?

4) दुनिया का ऐसा कौन सा पक्षी है जो रात भर रोता रहता है?

5) शोधकर्त्ताओं ने हाल ही में किस टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 7 (2) न्यायमूर्ति पी.एन.भगवती तथा न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर (3) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (4) चकोर (5) कलक्कड़ मुंडनथुरई (इम्पेशन्स-कल्क्काडेंसिस)

सू-दोकू

शब्द सामर्थ्य -270

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 269 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:10, सूर्यास्त : 05:30, चन्द्रोदय : 30:19,चन्द्रास्त : ?15:47, **अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय),** ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : अनुराधा, योग : धृति, प्रथम करण : वणिज (07:10 तक), द्वितीय करण : विष्टि (18:52 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:49 से 12:30, अमृत काल : 25:40 से 27:15, सर्वार्थसिद्धि योग :12:14 से 31:03, विजय मुहूर्त : 13:52 से 14:33, गोधूलि मुहूर्त : 17:15 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या :17:17 से 18:40, निशिता मुहूर्त : 23:43 से 24:38, राहुकाल : 15:00 से 16:30, राहुवास : उत्तर-पश्चिम,यमगण्ड : 10:53 से 12:10, दुर्मुहूर्त : 12:30 से 13:11, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी (30:24 तक), भद्रावास : स्वर्ग (07:10 से 18:52), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : भोजन में (07:10 से शमशान में)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओं का नाम अनुराधा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (ना, नी, नू, ने) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन भी अशुभ रहने से अधिक सावधानी बरतने की सलाह है। परिवार में बीमारी का प्रकोप अथवा अन्य आकस्मिक दुर्घटना होने की संभावना है।

वृषः आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। धन लाभ के साथ-साथ संबंधों में भी निकटता का अहसास होगा।

मिथुनः आज का दिन भी आपके लिए लाभदयक रहेगा फिर भी ध्यान रखें आज किसी के गलत मार्गदर्शन अथवा गलतफहमी में पड़ने से लाभ के अवसर किसी अन्य के पास भी जा सकते है।

कर्कः आज के दिन आप अधिकांश कार्यो में लापरवाही दिखाएंगे जिससे उचित लाभ मिलने में विलंब के साथ ही कमी भी आएगी।

सिंहः आज के दिन आप कार्य-व्यवसाय में असहयोग की स्थिति बनने पर उग्र हो सकते है।

कन्याः आज का दिन आपको आर्थिक रूप से सबल बनाने में सहयोग करेगा।

तुलाः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में कुछ हानि हो सकती है।

वृश्चिकः आज आप कार्यो में व्यस्त रहने के बाद भी दिन का भरपूर आनंद उठाएंगे।

धनुः आपका आज का दिन भी विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई अशुभ समाचार मिलने से मन हताश रहेगा।

मकरः आज का दिन आपको आकस्मिक धन लाभ कराएगा।

कुंभः आज के दिन आपकी मनोवृति सुखोपभोग की अधिक रहेगी जिस वजह से कार्य क्षेत्र पर पूर्ण ध्यान नही दे पाएंगे।

मीनः आज के दिन आप किसी ना किसी उलझन में फंसे रहेंगे। दिन का अधिकांश समय अनर्गल कार्यो में बर्बाद होगा।

न्यूज गैलरी

16 से इंटर कॉलेज युवा उत्सव प्रारंभ

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव 2023 का आयोजन 16 से 22 दिसंबर तक विभिन्न 14 विधाओं में पृथक-पृथक महाविद्यालयों में किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इन 14 विधाओं में एकल शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी, कर्नाटक शैली, समूह गायन (हिन्दुस्तानी), एकल शास्त्रीय नृत्य, समूह लोक नृत्य, जनजाति नृत्य, क्विज, तात्कालिक भाषण, वाद-विवाद, स्किट, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेहंदी एवं सुगम संगीत शामिल है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार विवि की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने बताया कि 16 दिसंबर 2023 को कल्याण महाविद्यालय भिलाई में प्रातः10:30 बजे से तात्कालिक भाषण एवं उसके पश्चात् दोपहर 2 बजे से वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित होगी।

बीएम शाह हॉस्पिटल में 5 दिवसीय नि :शुल्क शिविर का अयोजन

भिलाई। शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान बीएम शाह हॉस्पिटल में निरूशुल्क 5 दिवसीय हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का अयोजन किया गया है। 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पांच दिन यहां हृदय रोग से संबंधित निरूशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। इस शिविर में डॉण् गौरव जैन ;हृदय रोग विशेषज्ञद्ध अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बीएम शाह अस्पताल की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल के हृदय रोग विभाग एसएमसी बीएम शाह कार्डिक सेंटर भिलाई में निः शुल्क 5 दिवसीय हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का अयोजन किया जा रहा। यह शिविर 11 से 15 दिसंबर तक समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। इस शिविर में डॉण् गौरव जैन ;हृदय रोग विशेषज्ञद्ध अपनी सेवाएं निः शुल्क प्रदान कर रहे हैं। शिविर में निःशुल्क परामर्श के साथ बीपीए ईसीजी आदि निरूशुल्क रखी गई है। एंजियोग्राफी में 10:ए 2. डी. इकोए टीएमटी में 50: की छूट के साथ खून एवं पेशाब की जांच में 30: की छूट दी जा रही है। यही नहीं सोनोग्राफीए एक्स . रे में भी 20: की छूट दी जा रही है।

दो दिन बंद रहेगा मांस मटन बिक्री

भिलाईनगर। पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार इस माह को पड़ने वाले महापुरूषों के जयंती पर निगम क्षेत्र में पशुवधए गृह जीव हत्या एवं समस्त मांस बिक्री केन्द्रो को बंद रखने कहा गया है। पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग छण्गण् शासन द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में नगर पालिक निगम भिलाई के स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश प्रसारित कर इस माह पड़ने वाले गुरू घासीदस जयंती 18 दिसम्बर एवं संत तरण तारण जयंती 19 दिसम्बर को पशुवध तथा मांस मटन बिक्री केन्द्रो में तथा खुले मे प्रतिबंधित किया गया है ।

अमानक कीटनाशक औषधि पर प्रतिबंध

दुर्ग/नवप्रदेश। वर्ष 2023.24 में कीटनाशी निरीक्षक द्वारा कीटनाशक औषधि का नमूना राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला ठेलकाडीह राजनांदगांव में विश्लेषण हेतु भेजा गया। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्लेषण परिणाम अमानक पाये जाने के उपरांत कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए धारा 3 के उल्लंघन के फ्लस्वरूप 18(1)सी के अंतर्गत अमानक कीटनाशक औषधि ट्राईसाइक्लाजोन 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी का जिले में भण्डारण तथा विक्रय तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

श्रीमती कांति जैन का निधन

भिलाईनगर। नेहरू नगर पश्चिम भिलाई निवासी श्रीमती कांति देवी जैन धर्मपत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार जैन 88 का 11 दिसंबर सोमवार को उनके निवास पर निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी वे अनिल एजेंसी के संचालक संजय जैन सीए अनिल जैन की माता और आकाश विपन एवं अनुष्का की दादी थी।

बीएसपी में आयरन लम्प क्रशिंग यूनिट शुरू

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा 09 दिसंबर 2023 को ओर हैंडलिंग प्लांट में बहुप्रतीक्षित आयरन ओर लम्प क्रशिंग यूनिट का उद्घाटन किया गया। ओएचपी-बी में स्थापित यह क्रशिंग यूनिट, आयरन ओर लम्प्स को महीन आयरन ओर फाइन्स में परिवर्तित करेगी जिसका उपयोग सिंटर प्लांट में सिंटर उत्पादन हेतु किया जाएगा। माइन्स से आपूर्ति किए गए फाइन्स की तुलना में क्रशिंग यूनिट से प्राप्त आयरन ओर फाइन्स में आयरन की उच्च मात्रा होगी तथा गैंग की मात्रा कम होगी। इस फाइन्स के माध्यम से बेहतर गुणवत्ता वाले सिंटर का उत्पादन होगा, जिसके परिणामस्वरूप ब्लास्ट फर्नेस की उत्पादकता में वृद्धि होगी। निदेशक प्रभारी दासगुप्ता ने इस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा कर क्रशिंग यूनिट से उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) टीम के समग्र प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विपरित परिस्थितियों पर काबू पाकर चुनौती को अवसरों में बदलने के लिए भी समर्पित भिलाई बिरादरी की सराहना की।

कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने भी ओएचपी टीम के प्रयासों के प्रषंसा की। उन्होंने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सहयोग देने वाले टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी। कार्यपालक निदेषक (माइंस) बी के गिरी ने अपने संबोधन में इस प्रोजेक्ट में शामिल टीम के सभी सदस्यों के समर्पित टीमवर्क व प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेषक (रावघाट) समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेषक (माइंस) बी के गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर वीडियो प्रस्तुती के माध्यम से ओर-क्रशिंग यूनिट की कार्यप्रणाली और उपयोगिता को समझाया गया।

मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए परियोजना के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन मुख्य महाप्रबंधक (प्लेट मिल) आर के बिसारे और सहायक प्रबंधक (कार्मिक) सु सुष्मिता पाटला ने किया। मुख्य महाप्रबंधक (ओएचपी) हेमन्त कुमार पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) के मार्गदर्शन में इस प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन बीएसपी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

अवैध रूप से संचालित चिकन-मटन दुकानों पर निगम ने की कार्यवाही

आवागमन को सुगम बनाने जीई रोड किनारे हुई बेदखली कार्रवाई

भिलाईनगर। निगम द्वारा चलाये जा रहे बेदखली अभियान सोमवार को खुले में अवैध रूप से संचालित चिकन मटन के दुकानए चौक चौराहों पर ठेला व पसरा लगाने वाले तथा जीई रोड किनारे सामान घेरकर सड़क बाधा करने वालों के विरूद्ध चला।

शीतला काम्पलेक्स पावर हाउस क्षेत्र के कसाई मोहल्ले में नाली के उपर टीन शेड डाल कर किये गये अवैध निर्माण को राजस्व अधिकारी व जोन आयुक्त की उपस्थिति में जेसीबी से ध्वस्त किया गया तथा जीई रोड में लम्बे समय से लगे प्रचार.प्रसार के गेट को हटाया गया। नगर पालिक निगमए भिलाई की बेदखली टीम सोमवार को साक्षरता चौक से सर्विस रोड पर विक्रय के लिए खड़े किए गए गाड़ी को हटवायाए एक आटो एजेंसी द्वारा इलेक्ट्रिकल विकल प्रदर्शन के लिए अस्थायी छतरी डाल सड़क बाधा कर रखे थेए उसे जप्त कर रास्ते के आवागमन को खोला गया। पावर हाउस सब्जी मार्केट में पुराना रोजगार कार्यालय के सामने लगे अस्थायी शेड को स्वयं से हटाने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी सहमति दी है। निगम को कसाई मोहल्ला पावर हाउस में नाली के उपर ईट व टीन से शेड बनाने की शिकायत प्राप्त हुई थीए जिससे नाली के सफाई में भी बाधा आ रहा था। जिसे पुलिस बल की उपस्थिति में शेड तथा सीमेंट टंकी जो नाली के उपर बना था उसे जेसीबी से ध्वस्त किया गया।

2 महीने बाद जनदर्शन शुरू

दुर्ग/नवप्रदेश। 11 दिसम्बर 2023 कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री गोकुल रावटे ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 27 आवेदन प्राप्त हुए। वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी निवासी ने शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज एवं बजरंग पारा में स्थित विद्युत पोल के पास बड़ा वृक्ष होने के कारण पेड़ की डंगालियां विद्युत तार से टकराने के कारण शार्ट सर्किट होने एवं अनहोनी की आशंका को लेकर जनदर्शन में अपना आवेदन सौपा। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को कार्यवाही करने को कहा। चिल्हर सब्जी विक्रेता संगठन इंदिरा मार्केट द्वारा पार्किंगए अवैध कब्जाए नाली मरम्मत एवं आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी ने बताया कि एलआईजी वार्ड में आवारा सुअरों की संख्या बढ़ते ही जा रही है। इसकी शिकायत टोल फ्री नम्बर पर भी की गई थी। इस पर सुअर पालकों को सुअर हटाने हेतु निर्देशित किया गया था। आवारा सुअरों की बढ़ती हुई संख्या से बच्चों को नुकसान पहुंचाने का डर बना रहता है। इस पर अपर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को कार्यवाही करने को कहा। भिलाई फुटकर व्यवसायिओं ने गुमटी प्रदाय करने एवं राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया।

चला विशेष सफाई अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग दुर्ग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है क्षेत्र में स्थित नालियों की ताली से सफाई तालाबों की सफाई झाड़ियां की कटिंग कार्य सड़कों पर बिखरे हुए झिल्ली बिनने का कार्य मुक्कड़ पॉइंट को हटाने का कार्य किया जा रहा है यह कार्य निरंतर एक अभियान के रूप में चलते रहेगा नगर पालिक निगम द्वारा शहर को चकाचक करने के लिए चलाया जा रहा अभियान सोमवार को जारी रहा। वार्डो एवं चौक चौराहों से निगम के सफाई कर्मचारियों ने झाडू लगाकर सड़क को जहां चकाचक किया। वहीं नालियों की भी जमा सिल्ट को बाहर निकाला। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली देखरेख में सफाई कर्मियों की टीम ने वार्डो और चौक. चौराहा सहित अन्य मार्ग पर झाडू लगाकर सड़कों को चकाचक करते हुए कूड़े को दूरस्थ फेंका।

अतिक्रमण पर बुलडोजर जारी

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के संपदा न्यायालय के आदेश पर संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा, ट्रैफिक पुलिस व भिलाई नगर पालिक निगम के साथ मिलकर अवैध कब्जेधारियों तथा सड़क किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमचे, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध आज 11 दिसम्बर 2023 को पावरहाउस में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आज सेक्टर-1 फ्लाई ओवर, पावरहाउस रेलवे स्टेशन चैक व साइकिल स्टैंड, पावरहाउस अंडरब्रिज रोड, सड़क नं.-1 तथा सुपेला चैक के पास अवैध कब्जेधारियों को हटाया गया। इसके साथ ही सुपेला चैक तथा फ्लाई ओवर के आसपास लगभग 80 ठेले, खोमचा, अस्थाई निर्माण को जेसीबी के मदद से हटाया गया। साथ ही स्थाई निर्माण करने वाले सभी कब्जेधारियों के ठेलों को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। आज की गई कार्यवाही में बड़ी संख्या में संयंत्र के अधिकारी व कार्मिक सहित पुलिस प्रशासन, जिला पुलिस बल, भिलाई नगर पालिक निगम के लोग भी शामिल थे। अवैध कब्जा हटाओ अभियान के दूसरे दिन भी कब्जाधारियों के विरूद्ध तगड़ी कार्यवाही की गई। विदित हो कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठेले, खोमचे व अतिक्रमणकारियों को हटाने का कार्य संयंत्र द्वारा समय-समय पर किया जाता रहा है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकों, ठेले खोमचे व व्यवसाय करने वालों को चेतावनी दी गई कि सड़कों व सड़कों के किनारे अनावश्यक भीड़ ना लगाएं व अनुषासन बनायें रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि संपदा न्यायालय के निर्देष पर संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने इस अभियान के तहत कार्यवाही की है। इसके पूर्व शनिवार 9 दिसम्बर को भी कड़ी कार्यवाही की गई थी। प्रवर्तन विभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

बारों में की गई सरप्राइस चेकिंग

भिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थानाध्चौकी प्रभारियों की मीटिंग में निर्देश दिए गए थेए जिसमे श्री अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग के मार्गदर्शन में 9 बजे से सरप्राइस अभियान चलाया गयाए समस्त थाना एवम चौकी प्रभारी के द्वारा रात 9ण्30 बजे से चलाए गए अभियान में कुल 17 टीम बनाकर जिले के समस्त बारों में एक साथ चेकिंग कार्यवाही की गई थी जिससे बार संचालकों में हड़कंप मचा हुआ था। इस अभियान के दौरान राजपत्रित अधिकारी ए 17 थाना प्रभारी सहित 100 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। जिन्होंने जिले भर के अलग अलग बारों में एक साथ छापा मार कर समझाइश दिया किया। उपरोक्त बारो में रेड कार्यवाही की गई.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती ज्योति टांक — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202312100400017

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती ज्योति टांक पति श्री बाबूलाल टांक निवासी 2/4/1/5 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	6284	0.020 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202311100400148/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका निशांत देवांगन आ./पति महेश देवांगन निवासी प्रियदर्शनी नगर रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 877 रकबा 0.004 हें/450 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202310100400105/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका ऋतुराज सिंह अन्य 01 आ./पति कल्याण सिंह ठाकुर निवासी वार्ड नं. 30 दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न. 14 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 315/34 रकबा 0.022 हें/2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, महोदय दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै शपथकर्ता दिलीप वर्मा उम्र 35 वर्ष, पिता मनहरण वर्मा निवासी 269/के वार्ड 57 कृष्णा मंदिर के पास रामनगर उरला तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नं. 9331 8675 8481 में मेरा नाम दिलीप वर्मा (DILIP VERMA) पिता मनहरण वर्मा (MANAHARAN VERMA) अंकित है इसी प्रकरण मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 2532 8525 3754 में उसका नाम आर्यन वर्मा (ARYAN VERMA) पिता दिलीप वर्मा (DILIP VERMA) अंकित है। जो कि सही व सत्य है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम आर्यन वर्मा पिता का नाम दिलीप अंकित है। मेरे पुत्र की जन्मतिथि 30.01.2013 है जिसे कक्षा पहली से कक्षा पांचवी अंकसूची व दाखिला पंजी में मेरे पुत्र का नाम आर्यन वर्मा एवं पिता का नाम दिलीप मनोहर वर्मा अंकित है। मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम आर्यन वर्मा (ARYAN VERMA) पिता दिलीप वर्मा (DILIP VERMA) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने एवं इसी आधार पर मेरे पुत्र आर्यन वर्मा के शालेय रिकार्ड व अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोद्य के समक्ष प्रस्तुत है। अत: यह शपथ.पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
दिलीप वर्मा

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, महोदय दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै शपथकर्ता राजकुमार भारती पिता रामभरोसा भारती आयु 39 वर्ष, निवासी लक्ष्मीनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरी पुत्री के नाम पर पूर्व में आधार कार्ड बना हुआ है जिसमें उनका नाम प्रेना भारती दर्ज है। जो की लिपिकीय त्रुटिपूर्ण है। यह कि मेरी पुत्री के पर जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है जिसमें उनका नाम प्रेरणा भारती दर्ज है जो कि सत्य एवं सही नाम है तथा आधार कार्ड 6720 3320 1093 है। यह कि मेरी पुत्री प्रेना भारती के स्थान पर प्रेरणा भारती (PRERNA BHARTI) गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में प्रस्तुत है। अत: उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ.पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
राजकुमार भारती

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, महोदय दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै शपथकर्ती अमरौतीनबाई ठाकुर (AMRAUTIN BAI) पति. रामस्वरूप ठाकुर, जाति-कंवर, निवासी वार्ड क्र. 59, न्यू बजरंग किराना दुकान के पास हरिनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाली हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ. यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पते की निवासी हूँ। मेरी पुत्री मुक्ता ठाकुर है। यह कि मेरी पुत्री मुक्ता ठाकुर के जन्म प्रमाण पत्र एवं शालेय प्रमाण पत्र में मेरी स्वयं का नाम अमृत बाई दर्ज है जो लिपिकीय त्रुटि है। यह कि मेरी स्वयं का सही नाम अमरौतिन बाई (Amrautin Bai) है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि उक्त शपथ पत्र मेरी स्वंय का नाम अमृत बाई के स्थान पर अमरौतिन बाई (Amrautin Bai) दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में प्रस्तुत है। अत: उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ.पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
श्रीमति अमरौतीन बाई ठाकुर

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, महोदय दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै शपथकर्ती अमरौतीनबाई ठाकुर (AMRAUTIN BAI) पति. रामस्वरूप ठाकुर, जाति-कंवर, निवासी वार्ड क्र. 59, न्यू बजरंग किराना दुकान के पास हरिनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाली हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ. यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पते की निवासी हूँ। तथा मेरे पुत्र चित्रेश कुमार ठाकुर है। यह कि मेरे पुत्र चित्रेश कुमार ठाकुर के जन्म प्रमाण पत्र एवं शालेय प्रमाण पत्र में मेरी स्वयं का नाम अमृत बाई दर्ज है जो लिपिकीय त्रुटि है। यह कि मेरी स्वयं का सही नाम अमरौतिन बाई (Amrautin Bai) है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि उक्त शपथ पत्र मेरी स्वंय का नाम अमृत बाई के स्थान पर अमरौतिन बाई (Amrautin Bai) दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में प्रस्तुत है। अत: उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ.पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
श्रीमति अमरौतीन बाई ठाकुर

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, महोदय दुर्ग (छ.ग.)

शपथ-पत्र

मै शपथकर्ती अमरौतीनबाई ठाकुर (AMRAUTIN BAI) पति. रामस्वरूप ठाकुर, जाति-कंवर, निवासी वार्ड क्र. 59, न्यू बजरंग किराना दुकान के पास हरिनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाली हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूँ. यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये पते की निवासी हूँ। मेरे पुत्र मिलिंद कुमार ठाकुर है। यह कि मेरे पुत्र मिलिंद कुमार ठाकुर के जन्म प्रमाण पत्र एवं शालेय प्रमाण पत्र में मेरी स्वयं का नाम अमृत बाई दर्ज है जो लिपिकीय त्रुटि है। यह कि मेरी स्वयं का सही नाम अमरौतिन बाई (Amrautin Bai) है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि उक्त शपथ पत्र मेरी स्वंय का नाम अमृत बाई के स्थान पर अमरौतिन बाई (Amrautin Bai) दर्ज कर गजट में प्रकाशन कराने के समर्थन में प्रस्तुत है। अत: उपरोक्त कथनों के समर्थन में यह शपथ.पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
श्रीमति अमरौतीन बाई ठाकुर

न्यायालय नायब तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00050 डुण्डेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सीजी5106207122023003

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00050 के अंतर्गत ग्राम डुण्डेरा के वर्तमान भूमिस्वामी भीखम पिता/पति स्व. पुरानिक लाल साहू पता शिव चौक डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1159(0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गीतांजली साहू पिता/पति भूपेन्द्र कुमार पता वार्ड म.न. 873 शंकरनगर डुण्डेरा तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सीजी5106224112023035

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी फगनीबाई पिता/पति मन्नूलाल पता म.न. 425/42 सुभाष नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 687/161 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश्वरी साहू पिता/पति मन्नूलाल साहू पता वार्ड म.न. 425/42 सुभाष नगर तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सीजी5106420112023013

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी अहिल्या तिवारी पिता/पति एस.डी तिवारी (पिता स्व. कन्हैयालाल तिवारी) पता सुभाष नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 767/155 (0.0048), 767/145 (0.0059) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लोकेश कुमार निर्मलकर पिता/पति गोपाल निर्मलकर पता म.न. 452 वार्ड नं. 40 सुराना कॉलेज के पास केलाबाड़ी तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मा.क्र./20231110040003/अ-06 अ/ वर्ष 2023-24

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग से प्राप्त आवेदक राजूलाल साहू पिता स्व. सुखरु साहू निवासी पुलगांव तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव प.ह.नं. 20 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 202/3, 203/18 रकबा 0.0040, 0.1380 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि में से खसरा नं. 203/18 रकबा 0.1380 हे. कृषि भूमि पर 03 नग सागौन वृक्ष लगा था जिसे शासन से अनुमति लेकर काटा जा चुका है वर्तमान में कोई वृक्ष नहीं है। उक्त आवेदित भूमि के खसरा नं. के कैफियत कॉलम में 03 नग सागौन वृक्ष आज भी अभिलिखित है जो कि त्रुटिपूर्ण है। उक्त खसरा नं. के कैफियत कॉलम में 03 नग दर्ज सागौन वृक्ष को विलोपित किया जाकर रिकार्ड अद्यतन किए जाने हेतु प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./20231210460006/अ-27/ वर्ष 2023-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक टिकेन्द्र कुमार आ. स्व. उमेंद सिंह विरुद्ध शेखर साहू आ. स्व. उमेंद सिंह एवं राम्हीन बाई आ. स्व. मनबोध निवासी डुण्डेरा मौजा डुण्डेरा प.ह.नं. 57 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 652, 1367 रकबा 0.19, 0.56 हे. भूमि स्थित है जिसे आवेदक एवं अनावेदक के मध्य खाता विभाजन हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 01.01.2024 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -02 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजयदास मेघवानी पिता/पति स्व. टेकूमल निवासी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न 17 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 248/76 रकबा 0.240 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम/जीर्ण शीर्ण हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 12.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकुंतला तिवारी पति स्व. पुर्णेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम शंकरनगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1266/247 रकबा 0.009 हे. भूमि को विक्रेता पवन कुमार महोबिया पिता/पति स्व. छन्नूलाल महोबिया निवासा लुचकीपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.10.2022 को क्रय किया गया है उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकुंतला तिवारी पति स्व. पुर्णेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम शंकरनगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1266/103 रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

अक्षत कलश हर घर तक पहुंचेगा, चलेगा अभियान

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चिखली में हुई बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चिखली वार्ड नंबर 5 में 9 दिसंबर को श्रीराम जन्मभूमि स्थापना समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क अभियान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से चल कर आए निमंत्रण निमित्त पूजित अक्षत का पूरे जिले में हर सनातनी के घर तक पहुंचाने के लिए अक्षतों का पूजन किया गया। हर जन-जन तक श्री राम जन्मभूमि के निमंत्रण को पहुंचाने के लिए पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है। नगर के मुख्य संयोजक योगेश बागड़ी, नगर के सहसंयोजक कमल सोनी, सुनील सेन और अंकित खंडेलवाल नियुक्त किये गए हैं। जिला की टीम में समस्त सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रमुख जनों का सामूहिक गठन किया गया। इस अभियान के जिला प्रमुख नीरज बाजपेई है। इस आयोजन में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने अब तक बहुत से वार्डों में बस्तियों में बैठकर ली जा चुकी है और बस्ती स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। अब तक लखोली, कन्हारपुरी, बसंतपुर, जमातपारा, तुलसीपुर, पूनम कॉलोनी, तुलसीपुर, चिखली, शांति नगर में बैठक ली जा चुकी है। जल्द अन्य बस्तियों में भी बैठक ली जाएंगे। कार्यक्रम के नगर से योजक अंकित खंडेलवाल ने समस्त राम भक्तों से इस रामदूत कार्य में जुटने की अपील किया। इस अभियान में 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक रामदूत बनाकर राम भक्त जन-जन तक जाएंगे। अयोध्या से चलकर आए पूजी तक्षक राम मंदिर की चित्र और निमंत्रण पत्रक हर घर तक देंगे। साथ ही समिति ने अपील की है कि 22 जनवरी बस्ती के प्रमुख मंदिरों में सुबह 11 से 1 तक राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़े आयोजन किया जाए और सामूहिक पूजन आदि का प्रबंध हो समिति ने अपील की है कि 22 जनवरी के दिन श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर दीपावली के जैसा मनाया जाए। घरों के सामने रंगोली हो झालर हो लाइट इत्यादि की व्यवस्था हो और दिवाली माहौल में पटाखों के साथ ऐतिहासिक रूप में मनाया जाए।

बैठक में यह हुए शामिल

बैठक में मुख्य रूप से मार्गदर्शक विष्णु साव, अनुप श्रीवास, बाबा मेश्राम, सुनील सेन, डॉ. राघव वर्मा, संजय लड़वन, आशुतोष तिवारी, आशीष सिन्हा, मुकेश शर्मा, सुरेंद्र रोडगे, हेमनाथ साहू, सुरेश कुमार शर्मा, कमल सोनी, नीरज तिवारी, प्रशांत रजक, बंटी रजक, किरण यादव, चंडी प्रसाद गुप्ता, ज्योतिर्मय तिवारी, वीएच पी बाबाजी, विष्णु साव, राहुल कुमार साहू, चंद्रप्रकाश साहू, जुगेश्वर साहू, लोकेश जैन, विजय शर्मा, बासकी, मुकेश शर्मा, नीरज तिवारी, प्रेम रजन, संजय साहू, सचालन समिति अनिल सिन्हा, सीपी साहू, मुकेश साहू, छोटू साहू, सोनू ठाकुर, आशीष सिन्हा, लोकेश शर्मा, दीपक साहू, भोज सिन्हा, बल्लू शर्मा आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर की पहल से अब दुनिया देख सकेगी ममता

जिला रेडक्रॉस समिति के माध्यम से हुआ आंखों का सफल कॉर्नियल ट्रांसप्लांट

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के मानवीय प्रयासों से ममता टंडन को एक नई रोशनी मिली है। बचपन से आंखों में संक्रमण की शिकार हुई आर्थिक रूप से कमजोर ममता की सफल कॉर्नियल ट्रांसप्लांट की गई है जिससे अब उनको देखना प्रारंभ हो गया हैं। भाटापारा तहसील के अंतर्गत ग्राम राजाढार की निवासी 23 वर्षीय ममता टंडन जब दो वर्ष की थी तब उल्टी दस्त के दौरान उसकी आँखों में संक्रमण हुआ। इससे उसकी आँखों की रौशनी जाती रही। उस समय काफी प्रयास के पश्चात भी वह ठीक नहीं हुई और अंधत्व की स्थिति निर्मित हो गई। इसकी जानकारी जब जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर को हुई तब उन्होंने पहल करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार को इस बात से अवगत कराया गया। तब उनके द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मरीज के ऑपरेशन की व्यवस्था रेड क्रॉस फंड के माध्यम से की गई। जिसके तहत उनको 65 हजार रुपए मुहैया कराया गया।

मरीज का रायपुर के एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक कॉर्नियल ट्रांसप्लांट किया गया। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

डॉ महिस्वर ने बताया कि छह साल पहले सिविल अस्पताल,भाटापारा द्वारा प्रयास किया गया था और मरीज को कॉर्निया प्रत्यारोपण के लिए सूची में रखा गया था और प्रत्यारोपण के लिए दाता का इंतजार किया जा रहा था। वर्ष 2023 में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) भाटापारा की चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारा राम ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र माहेश्वरी को इस बात से अवगत करवाया तब खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने जिला कार्यालय को केस के संबंध में जानकारी दी। ममता टंडन के परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण सी है। अब चूंकि मरीज की आयु 23 वर्ष हो चुकी थी ऐसे में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम का लाभ इस कारण नहीं मिल पा रहा था। जिस कारण निजी अस्पताल में होने वाले खर्च के संबंध में कलेक्टर चंदन कुमार को अवगत कराया जिस पर कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए जिला रेड क्रॉस समिति से उक्त ऑपरेशन के लिए राशि स्वीकृत की और मरीज का रायपुर के एक निजी अस्पताल में सफलतापूर्वक कॉर्नियल ट्रान्सप्लांट ऑपरेशन किया गया। चिरायु की चिकित्सा अधिकारी डॉ शारा राम भी परिजनों के सहयोग हेतु साथ थीं। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार कार्निया आंखों में प्रकाश की किरणों को रेटिना में केंद्रित करने का कार्य करता है जिससे हमें दिखाई देने में मदद मिलती है।

युवक पर भालू ने किया हमला

नगरी/नवप्रदेश। कोटाभरी गांव के कुछ लोग जंगल में पता तोड़ने गए थे। उसी दौरान उन लोगों पर भालू ने हमला कर दिया। उनमें से एक युवक भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि युवक सुनीत राम कमार अपनी पत्नी कामिन बाई और भाभी जानकी बाई के साथ जंगल पत्ता तोड़ने गए थे। उसी दौरान भालू ने युवक पर अचानक हमला कर दिया। इससे युवक घायल हो गया। घायल युवक को वन विभाग के वाहन से नगरी सिविल अस्पताल लाया गया है। जहां से उसे धमतरी रेफर किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ये घटना उस वक्त हुआ जब कोटाभरी निवासी युवक सुनीत राम कमार अपने पत्नी और भाभी के साथ नगरी वनपरिक्षेत्र इलाके के गचकन्हार के जंगल में पत्ता तोड़ने गया हुआ था। तभी तीनों एक दूसरे से दूर हो गए उसी दौरान मादा भालू जिसके दो शावक भी साथ थे।

जिंदल स्टील एंड पावर को मिला सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। जाने.माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पॉवर जेएसपी को ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सीएसआर जर्नल की ओर से मुंबई में 9 दिसंबर को आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, फिल्म अभिनेताश्री आमिर खान और डॉण् कुमार विश्वास की मौजूदगी में जेएसपी को प्रदान किया। जेएसपी के सीएसआर ग्रुप हेड प्रशांत कुमार होता ने यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया। सीएसआर एक्सीलेंस अवार्ड के लिए

निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल ने कहाए श्हम देश की 25,000 से अधिक ग्रामीण और आदिवासी खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए समर्पित हैं और उनके लिए खेल सुविधाओं का निर्माण कराने के साथ.साथ उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रयासरत हैं ताकि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश को गौरवान्वित करें।

चेयरमैन नवीन जिन्दल के दूरदर्शी नेतृत्व में जिन्दल स्टील एंड पावर जेएसपी ने देश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपनी सामाजिक शाखाए जेएसपी फाउंडेशन के माध्यम सेजेएसपी ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में 25,000 से अधिक प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के उद्देश्य से खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।प्रयासों की इस कड़ी में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले की लगभग 5,000 उभरती हुई हॉकी प्रतिभाओं का पोषण भी शामिल है।जेएसपी इसी तरह क्योंझर जिले मेंवुशु खिलाड़ियों का पोषण कर उनके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करा रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

इतिहास बना आर्टिकल 370... केंद्र के फैसले पर...

केंद्र केवल संसद के द्वारा कानून ही बना सकता है, ऐसा कहना सही नहीं होगा। सीजेआई ने बताया कि फैसले में 3 जजों के जजमेंट हैं। एक फैसला चीफ जस्टिस, जस्टिस गवई और जस्टिस सूर्यकांत का है। दूसरा फैसला जस्टिस कौल का है। जस्टिस खन्ना दोनों फैसलों से सहमत हैं।

मोहन होंगे एमपी के नए सीएम तोमर को...

- 2004 में सिंहस्थ केंद्रीय समिति के सदस्य
- 2004 से 2010 उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष
- 2011 से 2013 तक मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष
- 2013 में पहली बार उज्जैन दक्षिण से विधायक बने।
- 2018 और 2023 का चुनाव इस विधानसभा से भी जीते।
- 2 जुलाई 2020 को उन्हें शिवराज सिंह चौहान कैबिनेट में उच्च शिक्षा मंत्री बनाया गया।

सुको का फैसला मजबूत भारत के निर्माण की...

अटूट है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रगति का लाभ न केवल आप तक पहुंचे, बल्कि इसका लाभ हमारे समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक भी पहुंचे, जो अनुच्छेद 370 के कारण पीड़ित थे।

सीएम बनते ही राम दरबार पहुंचे साय, भगवान ...

शाह, जेपी नड्डा सहित कई राज्यों के सीएम और अन्य नेता शामिल हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद अब सरकार बनाने की कवायद शुरू हो गई है। सीएम विष्णुदेव साय, दो डिप्टी सीएम समेत 10 मंत्री शपथ ले सकते हैं।

पार्षद नीतू ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण, सहायिका नदारद

बेमेतरा/नवप्रदेश। सोमवार को शहर की वार्ड क्रमांक 3 में स्थित आंगनबाड़ी का निरीक्षण पार्षद नीतू कोठारी ने किया। आंगनबाड़ी सहायिका तीन वर्षो से अनुपस्थित हैं। यह गंभीर मामला है। इसकी जांच कराई जाएगी। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ भोजन किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि आंगनबाड़ी की सहायिका रजनी मरावी अनुपस्थित मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी सहायिका 3 वर्षों से आंगनबाड़ी नहीं आ रहीं हैं, जबकि सहायिका के मानदेय का भुगतान महिला एवं बाल विकास द्वारा किया जा रहा हैं। वार्डवासियों ने बताया कि आंगनबाड़ी की सहायिका आंगनबाड़ी न आकर पूर्व विधायक के यहां कार्य करती हैं, आंगनबाड़ी में सहायिका न होने से बच्चों के लिये भोजन पकाने में कठिनाई होती हैं।

वार्डवासियों की समस्या से अवगत होने के पश्चात पार्षद नीतू कोठारी ने महिला एवं बाल विकास के अधिकारी विद्याधर पटेल से फोन के माध्यम से समस्या को अवगत करा कर कहा कि सहायिका आंगनबाड़ी में 3 वर्षों से अनुपस्थित हैं, तो इन्हें मानदेय का भुगतान कैसे किया जा रहा हैं। मामला बहुत गंभीर हैं, इस मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करते हुये आंगनबाड़ी सहायिका को कार्यस्थल पर भेजना सुनिश्चित करें।

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202311100800027/अ-74/वर्ष 2023-23
ग्राम-परसूली, प.ह.न. 11

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव प्रसाद आ. चैतूराम निवासी ग्राम परसुली तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा सीमांकन आवेदन पेश किया है कि ग्राम परसुली प.ह.न. 11 तह. धमधा जिला दुर्ग स्थित शामिलात खाते की खसरा नं. 349 रकबा 0.26 हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.26 हे. भू-राजस्व 0.50 रु. अभिलेख में आवेदक व अन्य के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण कास्तकारी कार्य किए जाने में काफी कठिनाई होने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तका बाबत् आवेदन पत्र साथ एवं खाते की नकल, शपथ पत्र, पुलिस हस्तक्षेप, अयोग्य अपराध की सूचना, अनापत्ति/नोड्यूज प्रमाण पत्र एवं चालान की मूल प्रति पेश किया गया है।

यदि जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा या उजर हो तो स्वयं अथवा अपने विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय से में पेशी दिनांक 13.12.2023 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
प्रारूप-अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-5 देखिये)
[illegible]
आज दिनांक 16.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
जारी दिनांक-08.01.2024
अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला बालोद (छ.ग.)

// आम सूचना //

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विकेता अम्बा लाल पटेल, पिता श्री प्रेम जी भाई पटेल निवासी-सी.-44, सेक्टर नं.-03, शिव मंदिर देवेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित मौजा ग्राम दलदल सिवनी प.ह.नं. 109/41, रा.नि.मं. रायपुर-07, मोवा, में वार्ड क्र.-26 कुशाभाउ ठाकरे वार्ड, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं.- 682/1, 682/3, 682/4, 683/2, 683/3 का भाग एवं नया खसरा नम्बर-15012/1 का भाग जिसका रकबा 900 वर्गफुट को मेरे पक्षकार क्रेता द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/अर्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यया बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जायेगा तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शुन्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी, सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक-6/12/2023

भवदीय
अशोक कुमार सोनवानी
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 96853-07317

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद जिला बालोद (छ.ग.)
ई.कोर्ट.नं./
ग्राम पोण्डी/तह. बालोद
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महावीर फूड्स PAN/CIN नं. AFBF53000G का ग्राम पोण्डी जिला बालोद द्वारा पार्टनर नमिता नाहटा पति तरुण नाहटा पति तरुण कुमार नाहटा निवासी ग्राम उमरादाह तह. व जिला बालोद द्वारा ग्राम पोण्डी प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नं. 313/2 रकबा 0.66 हे. कुल खसरा नं. 1 कुल रकबा 0.66 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ औद्योगिक राईस मिल प्रयोजनार्थ हेतु व्यवपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को औद्योगिक राईस मिल प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 14.12.2023 के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 28.11.2023 को जारी किया गया

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद जिला, बालोद (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली तहसील व जिला-दुर्ग
-:: नक्शा बटांकन ::-
क्र./रा.नि.2023/रिसाली, दिनांक 11.12.2023

प्रति,
आवेदक/आवेदिका-कल्लेश प्रसाद स्वर्णकार/कृष्णनंद स्वर्णकार
सीमावर्ती भूमिस्वामी : 1. सुरेश कोठारी, 2.., 3. उजियार सिंह पवार
विषय : सीमांकन/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 रा. नि. मं. रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 260/1 रकबा 3.56 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रं. वाचक/ना.तह. दुर्ग दिनांक 06.12.2023 के परिपालन में दिनांक 14.12.2023 को 11 से 5 बजे के बीच सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अतः दस्तावेज, बयनामा लेआउट सहित नियत समय पर उपस्थित होने, बाद की आपत्ति दावा नहीं होगी।

मुहर — राजस्व निरीक्षक रिसाली तह. व जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./202312100800012/अ-12/वर्ष 2023-23
ग्राम-ठेलका, प.ह.न. 06

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चंद्रिका वर्मा पति देवप्रसाद वर्मा निवासी ग्राम अकोली (ठेलका) तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा सीमांकन आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम ठेलका प.ह.न. 06 रा.नि.मं. पेण्ड्रावन तह. धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 502/3 रकबा 0.0600 हे. भू-राजस्व अभिलेख में आवेदिका चंद्रिका वर्मा पति देवप्रसाद वर्मा के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का सीमांकन किए जाने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/कृषक व अन्य को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 21.12.2023 को लिखि में आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र- 202312101400003/अ-6/वर्ष 2022-23
उद्घोषणा
[illegible]
मुहर — नायब तहसीलदार-01 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र- 202312101400004/अ-6/वर्ष 2022-23
उद्घोषणा
[illegible]
मुहर — नायब तहसीलदार-01 दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार नजूल दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. 202309104200003/अ-20(1)/वर्ष 2023-24
[illegible]
निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया है।
मुहर — तहसीलदार नजूल दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. /अ-06/वर्ष 2023-24
[illegible]
पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 24.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank
शाखाः कुम्हारी, दुर्ग (छ.ग.)
शाखाः एसएमई, रायपुर (छ.ग.)
अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)
[illegible]

1.	[illegible]	[illegible]	73,49,684.35	29.09.2023 / 11.12.2023
2.	[illegible]	[illegible]	62,36,545.42	29.09.2023 / 08.12.2023

दिनांक : 11.12.2023, स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3,
डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

NIT-40/2023-2024/ व ले लि — दिनांक : 05/12/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 22/12/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 29/12/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 01/01/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू.में)
1	2	3
TO185	CONSTRUCTION OF JALLI FENCING BOUNDARY & GRILL GATE AROUND RAJYA SUCHANA AYOG, Sector-19. ATAL NAGAR NAYA RAIPUR	9.39 7050.00 140900.00

आवेदन के साथ Registation Copy, GST Certificate, Bank Solvency एवं जी.एस.टी. भुगतान का 3 बी प्रस्तुत करना अनिवार्य है

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करे।

जी-06259/2 — कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 3 रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)
Email ID- eedha-pher-cg@nic.in Telephone Number- 07722-238719
// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा सूचना//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर जल जीवन मिशन के सिंगल विलेज / रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजनान्तर्गत 150 मि.मी. व्यास के 120मी. गहरे नलकूप खनन कार्य हेतु निम्नलिखित आनलाईन (OnLine) निविदा आमंत्रित की जाती है।

स. क्र.	निविदा क्र./दिनांक सिस्टम टेंडर क्र.	विकासखंड	नलकूप की संख्या	अनुमानित लागत (रु.लाख में)
1	44/07.12.2023, 149821	धमतरी	25	36.71
2	45/07.12.2023, 149822	धमतरी	25	36.71
3	46/07.12.2023, 149823	कुरूद	25	36.71
4	47/07.12.2023, 149824	कुरूद	25	36.71
5	48/07.12.2023, 149825	मगरलोड	25	36.71
6	49/07.12.2023, 149826	मगरलोड	25	36.71
7	50/07.12.2023, 149827	नगरी	33	48.46
8	51/07.12.2023, 149828	नगरी	33	48.46
9	52/07.12.2023, 149829	नगरी	34	49.92

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि की विस्तृत निविदा, विज्ञापित निविदा,दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) से दिनांक-11.12.2023 से देखा जा सकता है एवं दिनांक 27.12.2023 सांय 5.30 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

जी-06274/3 — कार्यपालन अभियता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड धमतरी (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

पूर्व विधायक पिंकी और भाजपा के जिला मंत्री गोलछा ने साय को दी बधाई

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषित किए जाने पर भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री भाजपा एवं सिहावा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह एवं जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा ने उन्हें बधाई दी। गोलछा ने कहा कि विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ का समुचित विकास होगा। पहली बार छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज के सरल सहज व्यक्तित्व के धनी विष्णु देव सहाय को मुख्यमंत्री बनाए जाने से छत्तीसगढ़ का विकास होगा। सभी वर्ग को इसका लाभ मिलेगा।

स्वयंसेवकों ने साफ सफाई और नाली निर्माण कर दिया स्वच्छता का संदेश

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी के द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम माहुलडीह में आयोजित किया गया। जहाँ स्वयंसेवकों के द्वारा गांव में नाली निर्माण, सार्वजनिक जगहों की साफ सफाई की जा रही है। बौद्धिक सत्र में संस्था के प्राचार्य ए के साहू ने कहा कि नशा नाश का जड़ है, यह एक धीमा जहर है, इससे परिवार एवं समाज विघटित होता है। अतः राष्ट्रहित में युवाओं को इससे दूर रहना चाहिए। व्याख्याता आर के टण्डन, गायत्री शक्ति पीठ पवनी के मनोहर साहू, डॉ राम बालक प्रसाद, लोकेश साहू ने भी अपने विचार रखे।

शिविरार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षणः स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिवकमल साहू आरएचओ एवं श्रीमती क्षमा साहू आरएचओ के द्वारा शिविर स्थल ग्राम माहुलडीह में सभी शिविरार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी शिविरार्थियों का एचबी टेस्ट भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी एच आर कुर्रे, सहायक कार्यक्रम अधिकारी वीपी साहू सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना 2019 अंतर्गत एस.एस.सी., बैंकिंग, रेल्वे एवं व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले में संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के लिए वर्ष 2023-24 में 100 अभ्यर्थियों को निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानां के माध्यम से प्रदान कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। कोचिंग में स्नातक वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता क्रम में रखा जाएगा। आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में हायर सेकेण्डरी विद्यार्थियों को भी अवसर प्रदान किया जावेगा। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2023 शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कबीरधाम कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल में जमा कर सकते है।

विष्णु देव साय को सीएम बनाए जाने पर पीएम और राष्ट्रीय नेतृत्व का जताया आभार

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा विधायक दल की बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को सर्वसम्मति से विधायक दल का चुने जाने पर ओमआशीष गजपाल भाजयुमो जिला स्वाध्याय मंडल जिला धमतरी ने देश के पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ की जनता का भी आभार व्यक्त किया क्योंकि छत्तीसगढ़ की जनता ने छत्तीसगढ़ की विकास के लिए भाजपा को पूर्ण बहुत से सत्ता में लाई है इस लिए आभार व्यक्त किया गया है।

शासकीय सुखराम नागे कालेज में विश्व मानवाधिकार दिवस आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.आर. मेहरा के मार्गदर्शन एवं डॉ.ममता सौरज के निर्देषन में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। स्वतंत्रता, समानता और न्याय के थीम पर परिचर्चा का आयोजन हुए। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो.आर.आर.मेहरा के द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के गठन एवं इसकी उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी । डॉ.ममता सौरज द्वारा मानवाधिकार के विभिन्न अनुच्छेदों से संबंधित संक्षिप्त जानकारी प्रदान की ।

शासकीय हाई स्कूल का विधायक कविता ने किया निरीक्षण

- **शिक्षकों से स्कूल की समस्याओं को जाना और समाधान का दिया आश्वासन**

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल परसाडीह का बिलाईगढ़ के नवनिर्वाचित विधायक कविता प्राण लहरे ने आज सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण किया । इस दौरान अपनी विधायक को स्कूल में अपने बीच पा कार स्कूली बच्चों ने आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद विधायक कविता ने स्कूली बच्चों और शिक्षकों से मुलाकात कर स्कूल की समस्याओं के बारे में जाना और सभी समस्याओं का समाधान करने आश्वासन दिया।

स्कूल के प्राचार्य महेश राम कुर्रे ने स्कूल स्टाफ की ओर से विधायक कविता प्राण लहरे का स्वागत करते हुए स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल में भौतिक और रसायन के व्याख्याता की कमी है साथ ही मिडिल स्कूल में अंग्रेजी और गणित विषय के शिक्षक की कमी है। इसके साथ ही स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल नहीं है। जिसकी वजह से बच्चों के ऊपर खतरा मंडराता रहता है। स्कूल परिसर में बच्चों के आने-जाने के लिए सीसी रोड निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे गुणवत्ताहीन बनाने का आरोप लगा कर ग्रामीणों ने रोक लगा दिया है। इसको भी जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की गई जिस पर विधायक कविता प्राण लहरे ने स्कूल स्टाफ को आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने घर के बेटी को विधायक बनाया है इसलिए आप सभी की हर मांगों को धीरे-धीरें पूरा करेंगी।

प्रतिभाशाली बच्चों को उचित मार्गदर्शन की जरूरत - स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि परसाडीह के स्कूल में कई बच्चे प्रतिभावान हैं जिसे शासन प्रशासन का सहयोग नहीं मिल पाने की वजह से उनकी प्रतिभा निखर नहीं पा रही है। वर्तमान में शिक्षकों की कमी होने के उपरांत कक्षा दसवीं में सिमरन पिता सोमिल मातावले ने 93त्न अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता के तैराकी प्रतियोगिता में रिया पिता जयप्रकाश जांगड़े ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। ऐसा ही और भी कई प्रतिभावान बच्चे इस स्कूल में शामिल हैं। जिनकी प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन की जरूरत है। इस पर विधायक कविता प्राण लहरें ने बच्चों के लिए हर कमी दूर करने का आश्वासन दिया है।

ये रहे मौजूद-इस अवसर पर स्कूल प्रचार्य महेश राम कुर्रे के साथ शिक्षकगण गिरजा शंकर धीवर, उषा जाटवर, गीता कुर्रे, (प्रधान पाठक) मीना सुल्तान, जीतराम साहू, सद्धुवन साहू, शकुन साहू, उमेश कुमार गिर्रे, अनिल कुमार साहू, सुरेश कुमार जांगड़े, महेश कुमार लहरे, अशोक कुमार साहू, राजेश कुमार कश्यप, संतराम यादव, बृजमोहन ठाकुर, चंद्रभूषण बंजारे, रविंद्र जांगड़े, प्रेम कुमार केवट, हेमंत कुमार जांगड़े, श्यामलाल टंडन के साथ स्कूली बच्चे व पालकगण भी मौजूद थे।

अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन के अल्टीमेटम के बाद डर से कब्जा छोड़ रहे कब्जाधारी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के परिणाम जारी होने के बाद से ही प्रशासन अवैध कब्जा धारियों पर कार्रवाई की शुरुआत राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में हो चुकी है। बलौदाबाजार में भी जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है शुक्रवार को बलौदाबाजार नगर पालिका ने पथ विक्रेताओं को कब्जा खाली करने के लिए अल्टीमेटम दिया था जिसके बाद कार्रवाई के डर से कब्जा धारी स्वयं ही अपना कब्जा खाली करते हुए नजर आ रहें है।

मिली जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन पूरे जिले में अवैध कब्जा धारियों पर कार्रवाई को लेकर तैयारी कर रहा है। जल्द ही पूरे जिले में एक साथ कार्रवाई देखने को मिल सकती है। बलौदाबाजार मुख्य मार्ग के किनारे पथ विक्रेताओं ने फल, सब्जी व कपड़े का अस्थाई दुकान लगाया था जिसको खाली करने के लिए नगर पालिका ने अल्टीमेटम दिया था। जिले के बाजारों, सड़कों समेत कई जगहों पर अवैध कब्जा देखा जा सकता है। कई जगह पर तो अवैध कब्जा धारियों ने स्थाई निर्माण करा कर कब्जा कर रखा है लेकिन अभी तक कार्रवाई केवल छोटे व्यापरियो पर ही देखने को मिलती है। विश्व हिंदू परिषद् ने की थी मांग विश्व हिंदू परिषद् ने गुरुवार को बलौदाबाजार कलेक्टर चंदन कुमार को ज्ञाप सौप कर खुले में मांस मटन, अवध शराब, नशीले पदार्थ की बिक्री एवं ग्राम,नगर, हाइवे पर अतिक्रमण हटाने की मांग भी की थी।

कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की जानकारी ली

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रमुख अधिकारियो की बैठक ली। बैठक की शुरुआत में डॉ सिद्दीकी ने जिले के स्वामी आत्मानंद विद्यालय उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालयों, अन्य शासकीय विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशाला भवन, कंप्यूटर कक्ष, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रावास निर्माण, पुल, पुलियों, सीसी रोड निर्माण, नलकूप खनन आदि के संबंध में निर्माण एजेंसियों शिक्षा, आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पंचायत विभाग के अधिकारियों से अब तक निर्माण हो चुके कार्यों की जानकारी ली और शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी गणेश यू आर, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, नीलाराम पटेल, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बनर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी एस एन भगत, रोजगार अधिकारी रामजी राम, समाज कल्याण प्रभारी अधिकारी विनय तिवारी, डीएसपी मनीष कुंवर, बीईओ बरमकेला नरेश चौहान, बीईओ बिलाईगढ़, सीईओ संजू पटेल, योगेश्वरी बर्मन, सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय, इंजीनियर उत्तम कंवर, आरईएस एसडीओ शैलेंद्र वर्मा, बी आर खांडेकर, आयुर्वेद डॉक्टर बी आर पटेल, सहायक संचालक कौशल विकास पुरुषोत्तम स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

सीएम साय के नाम की घोषणा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जैसे ही छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत के पश्चात् प्रथम बार आदिवासी नेतृत्व विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा हुई उसके बाद शाम को बजरंग चौक नगरी में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जिंदाबाद जिंदाबाद नारे लगाते हुए साथ ही आतिशबाजी किया गया एवं मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिये सभी भाजपा के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित थे वही

पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने बताया कि विष्णुदेव राय छत्तीसगढ़ अच्छे व्यक्ति के हाथों कमान सौंपी गई है साथ ही वह अपनी राजनितिक कार्य छोटे से गांव कुनकुरी इलाके के कांसाबेल से लगे बगिया गांव के रहने वाले मूलतः किसान हैं। राज्य में आदिवासी समुराय की आबादी सबसे अधिक है और वे इसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी गिनती रमन सिंह के करीबी लोगों में होती है। 1989 में अपने गांव बगिया से पंच पद से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले विष्णुदेव साय 1990 में निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हुए थे।विष्णुदेव साय 2020 में भी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। संघ के करीबी नेताओं में उनकी गिनती होती है। विष्णुदेव साय की इसी मजबूत प्रोफाइल की वजह से उन्हें पार्टी ने सबसे बड़ा पद दिया है। भारतीय जनता पार्टी के अच्छे नेताओं के रूप में जाने जाते हैं।

युवाओं के स्वरोजगार के लिए जागरूकता शिविर 14 को

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत आवश्यक मार्गदर्शन देने एवं प्रकरण तैयार करने के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में 14 दिसंबर को सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। ऐसे हितग्राही जो ऋण प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित करना चाहते है, वे जागरूकता शिविर में भाग ले सकते है।।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक डी.एल पुसाम ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के तहत् गुड़ निर्माण, हालर मिल, मिनी राईस मिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन मिक्चर निर्माण, पापड़ निर्माण, बेकरी, टमाटर सॉस, चिप्स, पापड़ी, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, गुपचुप, लड्डू, रेडी टू ईट निर्माण जैसे सभी तरह के खाने की वस्तुएं बनाने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ ले सकते है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत् उद्योग श्रेणी के तहत विभिन्न प्रकार के उद्योग जैसे फर्नीचर निर्माण, स्टील फेब्रीकेशन, एल्यूमिनियम फेब्रीकेशन, पशु आहार निर्माण, मसाला निर्माण, नमकीन निर्माण, पापड़ निर्माण, हालर एवं आटा चक्की, कृषि उपकरण निर्माण, फेंसिंग पोल निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, सेवा श्रेणी के तहत् च्वाईस सेंटर, फोटो कापी, टेन्ट हाउस, टेलरिंग, मोटर सायकल रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक रिपेयरिंग, सेलून, ब्यूटी पार्लर, च्वाईस सेंटर आदि व्यवसाय श्रेणी के तहत् किराना दुकान, कृषि केंद्र, मेडीकल स्टोर, फुटवेयर, कपड़ा दुकान, स्टेशनरी, मनिहारी आदि के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

साय को सीएम बनाए जाने पर शिवरतन ने दी शुभकामनाएं

भाटापारा/नवप्रदेश। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा समेत पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं विधायकों ने सर्वसहमति से मुख्यमंत्री बनने पर विष्णु देव साय को शुभकामनाएं दी है। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने सोशल प्लेटफार्म में शुभकामनाएं देते हुए लिखा कि- प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे, कुनकुरी विधायक व आदिवासी नेता ÷विष्णुदेव साय ÷ को विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का दायित्व प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार में छत्तीसगढ़ दोगुनी रफ़्तार से प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, जे पी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय नेतृत्व को छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज से मुख्यमंत्री बनाने पर धन्यवाद दिया। पहले द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया और अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बना कर भाजपा ने आदिवासी समाज को जो सम्मान दिया है।

इसके लिए शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया। विष्णु देव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से विकास के रास्ते पर आगे ले जाने और मोदी की गारंटी को पूरा करने की बात कही।

शत्रुघ्न का नेशनल खो-खो के लिए चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। 67वीं राष्ट्रीय नेशनल शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन नासिक महाराष्ट्र में 12 दिसंबर से 16 दिसंबर तक चलेगा। इस आयोजन में द्वीप क्लब कोदवा निवासी

शत्रुघ्न निषाद का नेशनल सीनियर 19 खो खो के लिए चयन होने पर दीप क्लब कोदवा के सदस्यों सहित समस्त ग्रामवासी सुनील वर्मा,सागर वर्मा, पुरुषोत्तम यदु,दौलत वर्मा,ऋषि यदु,रामसत्ता वर्मा ,तोशन लाल निषाद, रामेश्वर वर्मा,सत्यम, छविनाथ,धनेश्वर, वासुदेव,अजय,पुष्कर, टकेश्वर,केशव, राजशेखर,राजू,चंदन, हरीश, राजा इत्यादि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

शिवपुराण श्रवण से समस्त पाप हो जाते हैं नष्ट : नारायण महाराज

गरियाबंद/नवप्रदेश। भगवान ऊनका है जो प्रेम करना जानते हैं।कथाकार नारायण महाराज ने यह बातें कही। उन्होंने गरियाबंद में विराजित स्वयं-भू शिवलिंग श्री भूतेश्वर नाथ के इतिहास के बारे में बताया। विश्व के विशालतम शिव लिंग की उत्पत्ति हजारों करोड़ों वर्षों तक किसी देवी देवता या किसी बड़े ऋषि मुनि के तपस्या के फलस्वरूप हुआ है। उन्होंने कथा लाइव देख रहे श्रोताओं से आग्रह किया कि जीवन में एकबार बाबा भूतेश्वरनाथ के दर्शन के लिए जरूर आएं। पिता की आज्ञा में पुत्र बंधा हो वो पुत्र श्रेष्ठ है, पिता की आज्ञा में संतान बंधा हो वह संतान श्रेष्ठ है , गुरु की आज्ञा में जो शिष्य बंधा हो वह शिष्य श्रेष्ठ है, यह शिव पुराण में वर्णित है। शिव पुराण श्रवण करने से ही पाप नष्ट हो जाते हैं। सामने बैठकर कथा सुनने से करोड़ों पाप समाप्त हो जाते हैं। गुरु की भक्ति और महादेव की आराधना ही उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा।

पूज्य महाराज ने कहा - मनुष्य जब तक कोई कर्म नहीं करेगा तब तक मनुष्य को कोई फल नहीं मिलेगा अगर मनुष्य की संतान में संस्कार हैं तो वो अपने माँ-बाप और अपनी आने वाली पीढ़ी का हित करेंगी। अगर अपने घर को स्वर्ग बनाना हैं तो अपने बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान देना चाहिए। जो अपने बच्चों को शुरुआत से ही कथा का श्रवण कराते हैं वह बच्चे कभी भी गलत रास्ते पर नहीं जाते। शिव महापुराण सुनने से दुखों की निवृत्ति और मनुष्य की मुक्ति हो जाती है। आज का व्यक्ति भोग और मुक्ति दोनों चाहता है। जब तक मनुष्य को भोग और मुक्ति प्राप्त न हो तब तक मनुष्य संतुष्ट नहीं होता। शिव महापुराण की कथा हर सांसारिक सुख प्रदान करती है। जहाँ महा शिवपुराण की कथा होती है वहाँ पर सब तीर्थ प्रकट हो जाते हैं।

उत्कृष्ट और उत्तम भक्ति से ही भगवान के दर्शन होते है। व्रत धीरे धीरे व्यक्ति को कल्याण की ओर ले जाता है और जो व्यक्ति कभी व्रत या पूजा पाठ नहीं करता उसका कभी कल्याण नहीं हो सकता। वह माँ बाप धन्य है जिनकी संतान बचपन से ही भगवान की भक्ति में लगी होती हैं क्यूंकि उनको पता है कि उनकी मृत्यु के बाद उनके पितृ को पूछने वाली उनकी संतान है। मनुष्य जीवन में ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका पार्थिव शिवलिंग सेवा से समाधान नहीं है। समस्या हर किसी के जीवन में है चाहे वो छोटी हो या बड़ी। विघ्न हर किसी के जीवन में आते हैं। ऐसे में दो चीजें महत्वपूर्ण हैं, पहला उस विघ्न में हम डटे रहें और दूसरा कुछ ऐसा कार्य जिससे वो बुरा समय कम प्रभाव दिखा कर चला जाये। भगवान शिव की उपासना आपको हर विघ्न से बचाती है। जब कोई मनुष्य कर्म करते हैं तो परमात्मा उसी के अनुसार मनुष्य को फल देते हैं। भगवान धरती पर इसलिए बार-बार जनम लेते हैं ताकि वह धरती पर धर्म की रक्षा कर सकें। भगवान के प्रत्येक अवतार का कारण है कि वह धरती पर धर्म, संतों, यज्ञों, गाय माता की रक्षा कर सकें ताकि सब ही अपना जीवन आनंद से गुज़ार सकें।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रिसाली तहसील व जिला-दुर्ग

-:: नक्शा बटांकन ::-

क्रं./रा.नि.2023/रिसाली,
दिनांक 11.12.2023

प्रति,
आवेदक/आवेदिका-बलदेव प्रसाद स्वर्णकार
सीमावर्ती भूमिस्वामी 1. सुरेश कोठारी, 2.., 3. उजियार सिंह पवार
विषय : सीमांकन/ बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत्।

ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 रा. नि. मं. रिसाली तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 260/1 रकबा 3.56 हे. न्यायालय में सीमांकन बंदोबस्त त्रुटि सुधार स्थल जांच हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। माननीय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रं. 570 वाचक/ना.तह. दुर्ग दिनांक 17.10.2023 के परिपालन में दिनांक 14.12.2023 को 11 से 5 बजे के बीच सीमांकन, स्थल जांच किया जाना है, अतः दस्तावेज, बयनामा लेआउट सहित नियत समय पर उपस्थित होने, बाद की आपत्ति दावा नहीं होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक रिसाली तह. व जिला दुर्ग

न्यायालय अति. तहसीलदार
भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

रा.प्र.क्र./202306101000030/
अ-06/ वर्ष 2023-24

प्रति,
त्रिलोकचंद (त्रिलोकनाथ) पिता मुल्कराज
निवासीी- क्वा.नं. 03 बी सड़क 16 सेक्टर-4 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
पक्षकार- श्रीमती सुशीला मेहता एन.टी.मेहता
निवासी- सुंदर नगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग

---000---

आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायाल. का रा.प्र.क्र. 202306101000030/अ-6/वर्ष 2023-24 आवेदक श्रीमती सुशीला मेहता पिता/पति/विभाग एन.टी. मेहता पता सुंदर नगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि पुराना ख.नं. 477/241 नया खसरा नं. 8197 रकबा 0.055 हे./ 6000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता ने क्रय कर नामांतरण पंजी संशोधन क्रमांक 458 दिनांक 24.09.1990 पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में विक्रेता त्रिलोकचंद (त्रिलोकनाथ) पिता मुल्कराज का नाम दर्ज है। जिसे विलोपित कर आवेदिका क्रेता का नाम दर्ज किए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 27.12.2023 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही जावेगा है। आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया जाता है।

मुहर

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पीएम रिपोर्ट में खुलासा, भूख से भालू की मौत

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र चारामा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोकला में बीती रात एक जंगली भालू की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। ये जंगली भालू लगभग महीने से डोकला, भर्रीटोला कसावाही, चुचरुंगपुर, आँवरी, डेढ़कोहका के आसपास ही रहवासी इलाकों में भोजन की तलाश में घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। इसके कारण ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि भालू गांवों में रात के समय सूनसान वातावरण का फायदा उठाते हुए कई घरों में घुस कर खाने पीने के सामान चट कर रहा था। साथ ही घर में रखे खाने पीने की वस्तुओं को भी नुकसान पहुंचा रहा था। मृत भालू के मामले में वन विभाग के द्वारा वन्यजीवों की देखभाल में लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण 10 अक्तूबर को डोकला गांव में बाँध के नीचे जंगली भालू के मृत अवस्था में पाए जाने की खबरें मिली थी। वहीं जंगली भालू की मौत के कारणों का पता अब तक नहीं चल पाया है।

लुंकड ने कांग्रेस पार्टी से दिया इस्तीफा

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद से कांग्रेस में विरोध के स्वर उभरने लगे हैं। इस्तीफों का दौर भी शुरू हो चुका है। साथ ही पार्टी के खिलाफ़ काम करने वाले लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई किया जा रहा है । छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद से इस्तीफों के दौर शुरू है। लगातार इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से कांग्रेस सें जुड़े वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गौतम लुंकड़ ने पार्टी की सभी प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया है। गौतम लुंकड़ ने इस्तीफ़ा राजीव भवन के कार्यालय में जाकर आवक जावक विभाग में दिया और कर्मचारी के आग्रह के बावजूद भी अध्यक्ष से न मिलने की नाराज़गी जताई। इस्तीफ़े का कारण पार्टी की ओर से अनदेखी और निरंतर उपेक्षा करना बताया गया है।

विधायक सावित्री को नेताओं ने दी शुभकामनाएं

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्र.80 के लोकप्रिय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी के ऐतिहासिक जीत पर लखनपुरी के क्षेत्रवासियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर खुशी जाहिर की है। इसमें मेहत्तर पोया, सुकलाल कोडोपी, जीवधर दुबे, विजय ठाकुर, आनंद सिंह ठाकुर, रामप्रसाद सिन्हा, एकांत दुबे, बृजलाल साहू, सोहन राठी, शिवराम कोर्राम, परस तारम, सौरभ तारम, रूस्तम सेन, गिरवर शोरी,चम्पा वटी, विद्यया जुर्री, रूपसिंग मंडावी, जोहन साहू, नारायण उइके, रामप्यारा कावडे, घनश्याम जुर्री, संतोष मंडावी, प्रकाश साहू, देवेन्द्र पोया, सहित बहुत बड़े संख्या में लोग शामिल हैं।

दो महीने बाद कलेक्टर जनदर्शन शुरू

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। 18 जुलाई 2022 से जनपद पंचायत स्तर पर प्रति सप्ताह दिन सोमवार को समय 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक ई-जन चौपाल शासन तुहर द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। जो विधानसभा निर्वाचन 2023 का आचार संहिता लागू होने के कारण स्थगित था। इसे पुनः 11 दिसंबर 2023 दिन सोमवार से प्रति सप्ताह सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम समय अनुसार आयोजित किया जायेगा।जिसको लेकर जनपद पंचायत सीईओ गोपाल सिंह कंवर ने सभी पंचायत सचिव सरपंचों को आदेश जारी करते हुए ग्राम में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।और प्रति सोमवार को आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में जन चौपाल में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की हैं।

अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले युवाओं के लिए बस सुविधा

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार जाजगीर में 15 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले अग्निवीर थल सेवा भर्ती रैली में नारायणपुर जिले के पात्र युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली के लिए माह अप्रैल-2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीसीई) का आयोजन किया गया था, जिसमें उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता एवं चयन परीक्षा का आयोजन जिला-जाजगीर में निर्धारित किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार 18 दिसंबर को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र युवाओं के लिए वाहन की व्यवस्था कराई गई हैं। इस हेतु पात्र आवेदक अपना नामांकन 14 दिसम्बर शाम 5 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय कलेक्टर कार्यालय नारायणपुर में करा सकते है ताकि नामांकन के आधार पर वाहन की व्यवस्था कर 16 दिसंबर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय नारायणपुर से खोखराभाठा जांजगीर के लिए वाहन रवाना किया जाएगा।

नवनियुक्त सीएम से मिले भाजपा नेता

बेमेतरा/नवप्रदेश। भाजपा नेता योगेश तिवारी नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर भाजपा नेता तिवारी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने आदिवासी चेहरा विष्णुदेव साय को प्रदेश की कमान सौंपी हैं। विष्णुदेव साफ सुथरी छवि के नेता हैं, उनका व्यवहार सरल और सौम्य हैं। प्रदेश की जनता को साय से बहुत उम्मीद हैं। साय ने भी पहला फैसले में 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत करने की बात कही है। 25 दिसंबर को 2 साल के बकाया बोनस भी प्रदेश के किसानों को दिया जाएगा।

सांसद के ठिकाने से मिले तीन सौ करोड़ से अधिक भ्रष्टाचार का प्रमाण : पारख

राजनांदगांव/नवप्रदेश। झारखंड के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से मिले तीन सौ करोड़ रुपए बरामद होने को भाजपा ने भ्रष्टाचार का प्रमाण करार दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने इन्कम टैक्स विभाग द्वारा की गई छापेमारी में मिली रकम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पाई. पाई वसूलने की गारंटी का उदाहरण बताया।

भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में श्री पारख ने कहा कि अगर एक कांग्रेसी के पास तीन सौ करोड़ की नगदी पकड़ी गई तो बाकी कांग्रेस सांसदों के पास कितनी रकम होगी? इस हिसाब से तो गांधी परिवार विश्व का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है। उन्होंने कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी पर तंज कसते कहा कि उन्होंने कांग्रेस में ऐसे कितने कलाकार पाल रखे हैं कि कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। उन्होंने मोदी की बात को उद्धृत करते कहा कि मोदी की गारंटी यानी बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी। श्री पारख ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस नीत वाली घमांडिया गठबंधन है, जहां भ्रष्टाचारी कमीशनखोरी, लूट-खसोट व दलाली की गारंटी है। वहीं दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा, वहां भ्रष्टाचार अवश्य होगा। ऐसे घोटाले और भ्रष्टाचार के सेंटर का नाम यदि गांधी करप्शन सेंटर रख दिया जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि ऐसे सभी कामों की

ट्रेनिंग उन्हीं के द्वारा दी जाती है।श्री पारख ने कहा कि इंडी एंलायस के भ्रष्टाचारिता का रिकार्ड सामने रखते कहा कि बैंगलूर में कांग्रेस नेता के रिश्तेदार के यहां 42 करोड़ कैश मिले, यूपी विस चुनाव के समय आईटी रेड में पीयूष जैन के यहां 200 करोड़, ममता चटर्जी के मंत्री पार्थ चटर्जी के ठिकानों में 50 करोड़ कैश व करोड़ों का सोना-चांदी, चेन्नई में आयकर विभाग की छापामारी में 142 करोड़ जब्त, आप नेता सत्येन्द्र जैन के ठिकानों से 2.82 करोड़ के कैश व सोने के 133 सिक्के, झारखंड में ही ईडी की छापेमारी में अधिकारियों द्वारा घर से 20 करोड़ से अधिक के कैश बरामद, कानपुर में बंद हो चुके पांच सौ व हजार के 95 करोड़ बरामद, झारखंड में ही ईडी सरकार में मनरेगा में 500 करोड़ कोयला आबंटन घोटाला, अवैध खनन में 1500 करोड़ ग्रामीण विकास निधि के 1500 करोड़, भूमि घोटाला में 3 हजार करोड़, शराब में 1500 करोड़ घोटाला सहित कई राज्यसभा सदस्य झारखंड का लगभग 300 करोड़ रुपए का अब तक के छापे का सबसे बड़ा धन सामने आया है।

शिक्षिका पुष्पांजलि मौलाना आजाद शिक्षा गौरव अवार्ड से हुई सम्मानित

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ राज्य शाखा के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को गोंडवाना भवन धमतरी में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जशपुर जिले के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता हरिसिंह सिदार मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीपति पुरस्कृत शिक्षक संजय कुमार मैथिल भिलाई, वीरेंद्र कुमार साहू पाटन, डा. जगन्नाथ बघेल बस्तर विशिष्ट अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता महासंरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि तथा जी आर बंजारे ज्वाला प्रांताध्यक्ष ने संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रो.के मुरारी दास, भागेश्वर पात्र ने कहा कि अनेकता में एकता ही भारत की पहचान है। कवि सुरेश कुमार बंजारे नूतन लाल साहू,शिक्षिका पुष्पांजलि ठाकुर, अनिल कुमार मौर्य, डा. रमेश कुमार सोनसावटी ने लोकतंत्र और संविधान की महत्ता पर काव्य पाठ किया। इस अवसर पर शैक्षणिक,साहित्यिक, सांस्कृतिक व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को अवार्ड 2023 की मानद उपाधि का राज्य अलंकरण प्रदान किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में मूल पदस्थ एवं शाउमावि.मुरडोंगरी में अटैच व्याख्याता पुष्पांजलि ठाकुर को ÷मौलाना आजाद शिक्षा गौरव अवार्ड 2023÷ से सम्मानित किया ।

यंग साइंटिस्टों ने रिसर्च प्रोजेक्ट पर दी प्रस्तुति

कांकेर/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में आयोजित राज्य स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में यंग साइंटिस्टों ने रिसर्च प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया। 31 वे राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की परिषद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद टेक्निकल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. के. वर्मा ने बच्चों के प्रोजेक्ट को सराहा और इसे साइंस के क्षेत्र में एक नया आयाम बताया। इस दौरान छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के महानिदेशक बजाज, राज्य समन्वयक एवं वैज्ञानिक डॉ. जे के राय, राज्य अकादमिक समन्वयक डॉ. केशव राम साहू उपस्थित रहे। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष बाल वैज्ञानिक तैयार करने हेतु देशभर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में जाकर विज्ञान प्रतिभाओं की खोज करना एवं बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का अंकुरण कर उन्हें स्थानीय परिवेश में तार्किक वैज्ञानिक खोज की दिशा में आगे बढ़ाना है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के माध्यम से राज्य समन्वयक डॉ. श्रीमती जे.के. रॉय (साइंटिस्ट) के निर्देशन में प्रत्येक जिले में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से कुल 1170 बाल वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च प्रोजेक्ट को प्रस्तुत किया। जिनमें से 153 यंग साइंटिस्टों के प्रोजेक्ट को राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया था। राष्ट्रीय स्तर के लिए 10 सीनियर और 6 जूनियर बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया। कांकेर से जिला समन्वयक पवन कुमार सेन और गाइड शिक्षिका लेखिका गौतम के नेतृत्व में सीनियर वर्ग में तीन एवं जूनियर वर्ग में चार बाल वैज्ञानिकों ने राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में अपने रिसर्च प्रोडक्ट का बेहतर प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में लोकेश्वरी नेम हायर सेकेंडरी लेटर गांव प्रियंका नरेटी हायर सेकेंडरी स्कूल भानपुरा एवं जूनियर वर्ग में दीक्षा रानी स्टेज सरोना और माणिक सरकार हाई स्कूल इरादाह ने राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट को प्रदर्शित किया। बाल वैज्ञानिकों की भागीदारी पर जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, सहायक संचालक प्रकाश सेन, जिला समन्वयक पवन कुमार सेन, संस्था के प्राचार्यों, मार्गदर्शी शिक्षकों ने बढ़ाई प्रेषित की।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जनता की समस्याएं

■ **निराकरण करने लोगों को दिलाया भरोसा**

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आज जनदर्शन में सरपंच गाम पंचायत बोरण्ड श्री नगसू राम सलाम द्वारा धान खरीदी केन्द्र को बदलाव के संबंध में, चित्रकार मूर्तिकार पेंटर संघ नारायणपुर द्वारा मूर्तिकार चित्रकार पेंटर संघ को जिला संबंधित पेंटिग एवं प्रिटिंग कार्य प्रदान करने, फलेन्द्र जैन निवासी कुम्हारपारा द्वारा मेसर्स गणपति कन्सट्रक्शन पार्टनर अमीत कुमार सिंह से झारावाही मार्ग निर्माण कार्य का बकाया राशि 79.56.027.9 रूपये दिलवाने बाबत, समस्त ग्रामवासी ग्राम तेरदुल द्वारा प्राथमिक शाला तेरदुल में शिक्षक व्यवस्था करने और भुवनेश्वर सिंह ग्राम बिंजली द्वारा धान खरीदी के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर अजीत वसंत ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

भारतीय बौद्ध महासभा की जिला कमेटी गठित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजरत्न अशोक राव आंबेडकर अध्यक्ष एवं ट्रस्टी चेयर मैन द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में संगठन का विस्तार करने एवं भारतीय बौद्ध महासभा के उद्देश्यों की पूर्ति करने के उद्देश्य से आज भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ की एराजनांदगांव में सामाजिक बैठक, राजनांदगांव जिले के चारों विकासखंड के उपासक उपासिकाओं की बैठक रखी गई। इस बैठक में राजनांदगांव जिले की कमेटी गठन करने पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व समिति से निर्णय लिया कि भारतीय बौद्ध महासभा जिला राजनांदगांव की समिति का गठन दिनांक 16.12.2023, दिन-शनिवार को समय दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इसके लिए स्थान का चयन धम्मकृति बुद्ध विहार बसंतपुर राजनांदगांव में बैठक रखने का निर्णय लिया गया। अतः राजनंदगांव ब्लाक, डोंगरगढ़ ब्लाक, छुरिया ब्लाक, डोंगरगांव ब्लॉक के समस्त बौद्ध उपासक-उपासिकाओं को अपील की जाती है कि जिला राजनांदगांव भारतीय बौद्ध महासभा समिति की गठन करने में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता निभाने का कष्ट करें। भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारी होने के लिए वर्तमान में भारतीय बौद्ध महासभा की सदस्यता ग्रहण करना अनिवार्य है किसी भी संगठन या समिति का पदाधिकारी या सदस्य, भारतीय बौद्ध महासभा का पदाधिकारी या सदस्य बन सकता है जिसके लिए उन्हें सदस्यता ग्रहण करना अनिवार्य है। सदस्यता ग्रहण के लिए आधार नंबर और फोटो आवश्यक है। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य बाबा साहेब डॉक्टर बीआर आंबेडकर द्वारा स्थापित दी बुद्धि सोसाइटी ऑफ इंडिया के 10 उद्देश्यों की पूर्ति करना है यह मात्र सामाजिक संगठन है।

विकलांग बालिकाओं को कंबल और खाद्य सामग्री वितरित

खरोरा/नवप्रदेश। रविवार 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) स्थित विकलांग बालिका विकास गृह महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित आश्रम में रह रहे बालिकाओं को एनसीसीएचडब्ल्यूओ के पदाधिकारियों द्वारा कंबल कुछ खाद्य सामग्री व मिठाई दी गई व उन बालिकाओं के साथ संगठन के सदस्यों ने समय बिताया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र जोसफ ने अपने हाथों से उन विकलांग बालिकाओं को मिठाई खिलाई। विकलांग बालिका गृह की अधीक्षिका श्रीमती रमा नहरगढ़कर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए एनसीसीएचडब्ल्यूओ के तरफ से शाल-श्रीफल साथ में प्रशिस्त पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। एनसीसीएचडब्ल्यूओ के पदाधिकारी अच्छे लाल विश्वकर्मा जो छत्तीसगढ़ राज्य के डाय.मिडिया कार्डिनेटर हैं समाज में उनके अच्छे कार्य को देखते हुए शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र जोसफ, समीर श्रीवास्तव, राकेश दांडेकर, मनोज तिवारी, मंगेश देसाई, अच्छे लाल विश्वकर्मा, सुनिल गायकवाड़, जितेंद्र सेठिया, किशोर साहू, संगिता मुदलियार, सुरभि जैन आदि उपस्थित थे।

अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली जांजगीर - चांपा में 15 से

कवर्धा/नवप्रदेश । जांजगीर-चांपा जिले में अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली का आयोजन 15 से 23 दिसंबर 2023 तक किया जा रहा है। इसमें सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा माह अप्रैल 2023 में आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.ई.ई.) में उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चयन परीक्षा होगी। रैली का आयोजन स्थल पुलिस लाईन, खोखराभांठा, जांजगीर निर्धारित है।जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कबीरधाम जिले के चयनित 81 युवाओं की परीक्षा 19 एवं 20 दिसंबर 2023 को निर्धारित की गई है। चयनित युवा मार्गदर्शन तथा अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम में 15 दिसंबर 2023 तक अपना नाम दर्ज करा सकते है तथा कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07741-299344 में सम्पर्क कर सकते है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिला स्तरीय टीम गठित

बलौदाबाजार:भाटापारा/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिले में इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला स्तरीय टीम का गठन कर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।कार्यक्रम के तहत समस्त विभागों के विकासमूलक कार्यों का यात्रा के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला नोडल अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम गठित किया गया है जिसमें वनमंडलाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक कृषि, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, डीपीओ महिला एवं बल विकास,उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं,डीईओ, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक अधिकारी, सीएमएचओ, जिला कार्यक्रम समन्वयक आयुष्मान भारत, जिला खेल अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, सहायक संचालक मत्स्य, उप संचालक पशु चिकित्सा, जिला आयुर्वेद अधिकारी, ईई पीएचई, उप संचालक समाज कल्याण, श्रम पदाधिकारी, सीएमओ बलौदाबाजार, प्रभारी अधिकारी भूअभिलेख एवं प्राचार्य डीबीडीके महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल हैं।

किसान पर जंगली सूअर ने किया हमला

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा के ग्राम नवागांव में इन दिनों जंगली सुअर का आतंक है। सोमवार को खेत गए किसान पर एक जंगली सुअर ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित किसी तरह सुअर से बचने में सफल हो पाया। किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

ग्राम नवागांव निवासी 52 वर्षीय जवाहरलाल वर्मा सोमवार को सुबह धान कटाई के लिए खेत गया था। खेतों में इन दिनों धान की कटाई चल रही है। जवाहर भी धान काटने खेत पहुंचा। कटाई के दौरान जंगली सुअर ने अचानक उसपर हमला कर दिया। इस पर जवाहर शोर मचाते सुअर से बचने का प्रयास किया। उसकी आवाज को सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग वहां पहुंचे। उन्होंने घायल किसान को बचाया और अस्पताल ले गए। फिलहाल उसका इलाज जारी है।

वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सचेत-गौरतलब है कि गांव में इन दिनों बड़ी संख्या में सुअर खेतों में पहुंचकर धान की फसलों को चट कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को भी दी है। वन विभाग के अधिकारियों की मानें तो मोहरेंगा नेचर सफारी में बड़ी संख्या में जंगली सुअर झुंड में घूमते देखे जाते हैं ऐसे में लोगों को सचेत रहने की जरूरत है, वन विभाग के कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित का हालचाल जाना और सहयोग राशि दिया साथ ही विभाग से मुआवजे के लिए प्रक्रिया शुरू की।

एक छोटा सा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकता है, यह केवल भाजपा में ही संभव : विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा के बूथ, शक्तिकेंद्र, मंडल, जिला, एवं प्रदेश स्तर के 25 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को उनके परिश्रम से हुई जीत के लिए बधाई दी है। श्री साय ने 13 दिसंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में साइंस कॉलेज पहुँचने का आमंत्रण दिया। नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री साय ने ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहा कि कैसे एक छोटा-सा कार्यकर्ता

प्रदेश का मुख्यमंत्री बन सकता है, यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के विकास एवं राज्य की जनता के बेहतर भविष्य के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता ने कठोर परिश्रम किया है और जनता ने उस परिश्रम का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि हम संपूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे ताकि छत्तीसगढ़ राज्य देश के बड़े और विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा पर भरोसा करते हुए छत्तीसगढ़ का भविष्य बनाने का जिम्मा सौंपा है और छत्तीसगढ़ राज्य की समृध्दि के लिए भाजपा कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कमल खिलाने में आप सभी कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार भाजपा ने इतने बड़े अंतर से जीत दर्ज कर प्रदेश में सरकार बनाई है। इसमें प्रदेश के हर एक कार्यकर्ता ने 54 सीटों पर कमल खिलाने के लिए लगातार मेहनत की है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। जनता ने हमें पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद देकर छत्तीसगढ़ को विकास की धारा से जोड़ने का जो दायित्व प्रदान किया है हम उसे ईमानदारी से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भय और आतंक से मुक्त कराने के लिए, छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र विकास और जनता की बेहतरी के लिए हमें जनादेश मिला है।

दिल्ली केपिटल ने एनाबेल को 2 करोड़ और गुजरात ने फोएबे को 1 करोड़ में खरीदा

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स ने यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी के शुरुआती दौर में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को कड़ी बोली में मुंबई इंडियंस को हराकर 2 करोड़ रुपये की बोली लगाई।

दिल्ली 40 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ 22 वर्षीय दाएं हाथ की बल्लेबाज और मध्यम तेज गेंदबाज के लिए दौड़ में शामिल हो गई और मुंबई इंडियंस के साथ उनका जोरदार मुकाबला हुआ। दोनों दिग्गजों ने उत्साह के साथ इस पर काम किया और एक करोड़ के आंकड़े को पार करने और 1.5 करोड़ के पार जाने से पहले उन्होंने अपनी बोली लगातार 5 लाख रुपये बढ़ाई। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा 2.0 करोड़ रुपये की बोली लगाने के बाद, मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अम्बानी बोली से हट गईं और खिलाड़ी दिल्ली कैपिटल्स के पास चला गया।दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि वे एक निश्चित रणनीति को ध्यान में रखकर नीलामी में आए हैं और एनाबेल सदरलैंड उनके लिए उपयुक्त हैं।उन्होंने कहा कि उनके पास पहले से ही एक संतुलित टीम है और वे ऐसे खिलाड़ियों को चुनेंगे जो अंतिम एकादश में जगह बना सकें। बैटी ने कहा, एनाबेल एक बहु-कौशल खिलाड़ी है और नंबर 3 से 7 तक किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकती है और मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी कर सकती है।खिलाड़ियों के शुरुआती सेट में एक करोड़ का आंकड़ा पार हो गया, जब फोएबे लीचफील्ड को गुजरात जाइंट्स ने एक करोड़ रुपये में खरीदा। यह खिलाड़ी 30 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ आयी थी और गुजरात अपने खिलाड़ी को 1 करोड़ रुपये में खरीदने से पहले यूपी वारियर्स के साथ बोली की लड़ाई में लगा हुआ था।गुजरात जायंट्स की मेंटर मिताली राज ने कहा कि वे एक बाएं हाथ के बल्लेबाज की तलाश में थे जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर सके और फोएबे उन मापदंडों पर फिट बैठती हैं। मिताली ने कहा, वह ऑस्ट्रेलिया के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करती है। हम एक ऐसा लेफ्टी चाहते थे जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर सके। हमारे पास मध्यक्रम में एक और लेफ्टी है इसलिए इससे अच्छा संतुलन आता है।जबकि दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने सबसे बड़ी बोली हासिल की, इंग्लैंड की डैनी व्याट को यूपी वारियर्स ने 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वेयरहम को 40 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा।भारत की वेदा कृष्णमूर्ति, पूनम राउत, इंग्लैंड की मायिया बाउचर, श्रीलंका की चामरी अथापथु और वेस्टइंडीज की डींड्रा डॉटिन जैसे कुछ जाने-माने नाम, जिनके लिए बड़ी बोली लगने की उम्मीद थी, वे नहीं बिके क्योंकि फ्रेंचाइजी युवा खिलाड़ियों में अधिक रुचि ले रही थीं। जो टीम में कई कौशल लाते हैं। जोनाथन बैटी और मिताली राज दोनों ने कहा कि टीमें अपने दिमाग में विशिष्ट रणनीतियों के साथ आई हैं और अगर उन्हें लगता है कि खिलाड़ी उनकी योजनाओं में फिट बैठता है तो वे पैसे खर्च करने से नहीं डरते हैं।

सीरीज का दूसरा मुकाबला आज पोर्ट एलिजाबेथ में

डरबन। भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। डरबन में मुकाबले से पहले ही बारिश होने लगी और टॉस तक नहीं हो सका। आखिरकार मैच रद्द करना पड़ा। 3 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज पोर्ट एलिजाबेथ में खेला जाएगा। भारत ने 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की थी। टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास में अब तक 61 मुकाबले अलग-अलग कारणों से रद्द हुए हैं। सबसे ज्यादा वेस्टइंडीज के 10 मुकाबले नो रिजल्ट रहे हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 25 टी-20 मैच खेले गए हैं। दोनों के बीच दूसरा टी-20 नो रिजल्ट रहा है। 13 में भारत और 10 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली।

आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी20 टीम में हुई वापसी

ब्रिजटाउन। अनुभवी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टी20 टीम में वापसी की है। यूएई में 2021 पुरुष टी20 विश्व कप के बाद पहली बार आंद्र रसेल सबसे छोटे प्रारूप के लिए वेस्टइंडीज की टीम में वापस आए हैं। 35 वर्षीय ने हाल ही में अबू धाबी टी10 लीग में डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए खेला, जहां उनकी टीम शनिवार को प्रतियोगिता के फाइनल में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स से हार गई। अब वह मंगलवार को ब्रिजटाउन में पहले टी20 मैच से पहले वेस्टइंडीज टीम से जुड़ेंगे और 21 दिसंबर तक रहेंगे। रसेल 2012 और 2016 टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के सदस्य रहे हैं और उन्होंने 67 टी20 मैच खेले हैं।ऑलराउंडर मैथ्यू फोर्ड को वनडे टीम में शामिल किए जाने के बाद पहली बार टी20 टीम में शामिल किया गया है। जबकि एक अन्य ऑलराउंडर शेरफेन रदरफोर्ड भी 2020 के बाद पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करने को तैयार हैं।बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती की भी वापसी हुई है। साथ ही निकोलस पूरन और जेसन होल्डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है।वनडे कप्तान शाई होप टी20 में कप्तान रोवमैन पॉवेल के उप-कप्तान हैं। जबकि जॉनसन चार्ल्स, ओबेड मैककॉय, ओडियन स्मिथ और ओशेन थॉमस को इस साल अगस्त में भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है।आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए दो मेजबान टीमों में से एक बनने की तैयारी कर रहे हैं। सीडब्ल्यूआई पुरुष टीम के मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, हमने एक ऐसी टीम चुनी है जो हमें लगता है कि हमें उस टूर्नामेंट में सफलता का सबसे अच्छा मौका देगी। हम प्रतियोगिता से पहले आकलन करना जारी रखेंगे। वेस्टइंडीज टीम- रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप (उप-कप्तान), रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील हुसैन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड

टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया

मुंबई। भारतीय महिला टीम ने टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया। टीम ने इंग्लैंड पर लगातार 4 हार के बाद जीत हासिल की है। भारतीय टीम को इंग्लैंड पर आखिरी जीत 13 सितंबर 2022 को मिली थी। इस जीत से टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में हार के अंतर को कम कर लिया। इंग्लिश टीम ने सीरीज के शुरुआती 2 मुकाबले जीतते हुए 2-0 की बढ़त ली थी, लेकिन आखिरी मुकाबला जीतकर भारत ने स्कोर 2-1 कर दिया। मुंबई के वानखेड़े मैदान पर इंग्लैंड ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाए। 127 रन का टारगेट टीम इंडिया ने 00 विकेट खोकर 00 ओवर में हासिल कर लिया। श्रेयंका पाटिल प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए। भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने 48 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने 11 रन पर शेफाली वर्मा के आउट होने के बाद पारी को आगे बढ़ाया और स्कोर को 100 रन के पार पहुंचा दिया। मिडिल ऑर्डर पर जेमिमा रोड्रिगेज ने 29 रन का योगदान दिया।

फ्रैंकफर्ट ने बायर्न म्यूनिख को 5-1 से रौंदा

बर्लिन। आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट ने बुंडेसलीगा में बायर्न म्यूनिख के अपराजेय क्रम को समाप्त कर दिया, क्योंकि एरिक जूनियर दीना एबिम्बे के दो गोल ने 14वें दौर में 5-1 से जीत का मार्ग प्रशस्त किया। ईगल्स ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की, जैसे कि फारेस चाइबी ने क्रॉसबार को मार दिया, इससे पहले कि उमर मार्मौश ने 12 मिनट के खेल में स्कोरिंग खोलने के लिए करीबी सीमा से रिबाउंड पर गोल कर दिया।

बायर्न को मुकाबले में पैर जमाने के लिए कुछ समय की जरूरत थी, और उसने अपना पहला मौका 25वें मिनट में बनाया जब हैरी केन ने आशाजनक स्थिति से बाहर मार दिया, जबकि एरिक मैक्सिम चौपो-मोटिंग चार मिनट बाद फ्रैंकफर्ट के गोलकीपर केविन ट्रैप को तंग कोण से नहीं हरा सके। यह मेजबान टीम ही थी जिसने पिच के दूसरे छोर पर अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। दीना एबिम्बे ने बायर्न के डिफेंडरों अल्फोंसो डेविस और डेयोट उपामेकानो को पीछे छोड़ दिया और फिर आधे घंटे की समाप्ति पर गोलकीपर मैनुअल नेउर को करीब से हराया। अथक फ्रैंकफर्ट ने इसे तीन पांच मिनट बाद बनाया, क्योंकि ह्यूगो लार्सन ने जोशुआ किमिच के गलत पास को रोकने के बाद पलटवार किया। बवेरियन ने पहले हाफ के समापन चरण में जीवन के संकेत दिखाए जब किमिच ने लेरॉय साने से 18 मीटर से ऊपरी दाएं कोने में एक पास ड्रिल किया। बायर्न के दोबारा शुरू होने के बाद हालात बद से बदतर होते चले गए। दीना एबिम्बे ने उपामेकानो को बेदखल कर दिया और बॉक्स के अंदर से अपना डबल पूरा किया, जिससे 50वें मिनट में स्कोरबोर्ड पर स्कोर 4-1 हो गया। बायर्न प्रतिरोध नहीं कर सका, जबकि फ्रैंकफर्ट ने स्कोरिंग पूरी नहीं की और अंसार नॉफ के माध्यम से खेल को घंटे के निशान पर समाप्त कर दिया। परिणाम के साथ, बायर्न ने स्टैंडिंग के शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया, जबकि फ्रैंकफर्ट सातवें स्थान पर रहा। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा, हमने अच्छा नहीं खेला और बहुत सारी गलतियाँ कीं, और हमें कड़ी सजा मिली। अब हमें खुद से सवाल करना होगा कि यह कैसे संभव है कि हम इस तरह का खेल शुरू करें। अन्य मैचों में, यूनियन बर्लिन मोनचेंग्लादबाक को 3-1 से हराकर जीत की राह पर लौट आया; लीपज़िग 10-पुरुषों वाले बोरूसिया डॉर्टमुंड से 3-2 से आगे हो गया।

बिजनेस

एप्पल ने आईमैसेज सॉल्यूशन बीपर मिनी ऐप किया ब्लॉक

सैन फ्रांसिस्को। एंड्रॉइड के लिए आईमैसेज सॉल्यूशन बीपर मिनी को यूजर्स के लिए ब्लॉक किए जाने के बाद, एप्पल ने कहा है कि उन्होंने आईमैसेज तक एक्सेस प्राप्त करने के लिए फेक क्रेडेंशियल्स का फायदा उठाने वाली टेक्निक को ब्लॉक कर यूजर्स की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं। बीपर मिनी ऐप यूजर्स को सीधे अपने एंड्रॉइड डिवाइस से ब्लू-बबल आईमैसेज भेजने की अनुमति देता है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से ऐप में तकनीकी समस्याओं के कारण यूजर्स ब्लू बबल मैसेज भेजने और प्राप्त करने में असमर्थ थे। एप्पल ने एक बयान में कहा कि हम अपने प्रोडक्ट्स और सर्विस को इंडस्ट्री-लिडिंग प्राइवेसी और सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी के साथ बनाते हैं जो यूजर्स को उनके डेटा पर कंट्रोल देने और व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजाइन की गई हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा, हमने आईमैसेज तक एक्सेस हासिल करने के लिए फेक क्रेडेंशियल्स का फायदा उठाने वाली टेक्निक को ब्लॉक कर अपने यूजर्स की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं। इन टेक्निक ने यूजर सिक्योरिटी और प्राइवेसी के लिए महत्वपूर्ण जोखिम उत्पन्न किए, जिनमें मेटा डेटा एक्सपोजर और अनवांटेड मैसेज, स्पैम और फिशिंग अटैक को सक्षम करने की क्षमता शामिल है। एप्पल ने कहा, हम अपने यूजर्स की सुरक्षा के लिए भविष्य में भी अपडेट करना जारी रखेंगे। बीपर मिनी एप्पल की अपनी पुश नोटिफिकेशन सर्विस के जरिए आईमैसेज से कनेक्ट करने के लिए एक कस्टम-बिल्ड सर्विस का उपयोग करता है। स्टार्टअप ने दावा किया कि उनकी प्रक्रिया एन्क्रिप्शन या प्राइवेसी से कोई समझौता किए बिना काम करती है। बीपर मिनी के संस्थापक एरिक मिगिकोव्स्की ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि एप्पल उनके ऐप को क्यों ब्लॉक करेगा। अगर एप्पल वास्तव में अपने आईफोन यूजर्स की प्राइवेसी और सिक्योरिटी की परवाह करता है, तो वह उस सर्विस सेवा को क्यों बंद करेंगे जो उनके यूजर्स को असुरक्षित एसएमएस का उपयोग करने के बजाय एंड्रॉइड यूजर्स को एन्क्रिप्टेड मैसेज भेजने में सक्षम बनाती है?

एफपीआई प्रमुख बैंकों में खरीदार बने

नई दिल्ली। एफपीआई ने दिसंबर में भारत में बड़ी वापसी की है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, भले ही एफपीआई ने नवंबर में भारत में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया, लेकिन वे नकदी बाजार में 368 करोड़ रुपये के विक्रेता रहे। दिसंबर में नकदी बाजार में बड़ी खरीदारी के साथ यह बदल गया है। 8 दिसंबर तक महीने में नकदी बाजार में खरीदारी 10874 करोड़ रुपये है। लेकिन दूसरों के बीच एमएससीआई ईएम इंडेक्स पुनर्संतुलन के कारण होने वाला वास्तविक प्रवाह बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 8 दिसंबर तक प्राथमिक बाजार के माध्यम से निवेश सहित भारत में कुल निवेश 26,605 करोड़ रुपये है।

2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास गति, मुद्रास्फीति में कमी, अमेरिकी बांड पैदावार में लगातार गिरावट और ब्रेंट क्रूड में सुधार ने स्थिति को भारत के पक्ष में कर दिया है। आगे भी एफपीआई प्रवाह जारी रहने की संभावना है। एफपीआई उन अग्रणी बैंकों में खरीदार बन गए हैं, जहां वे विक्रेता रहे हैं। आईटी, टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल और कैपिटल गुड्स जैसे सेगमेंट के लार्ज कैप में भी खरीदारी देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है।

एनसीएलएटी ने सीसीआई जुर्माने पर एनटीपीसी को दी राहत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण ने रत्नागिरि गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड में 35.47 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण का खुलासा नहीं करने के लिए सरकारी स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एनटीपीसी पर 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के सीसीआई के आदेश पर रोक लगा दी है।

एनसीएलएटी के आदेश के अनुसार, जुर्माने पर रोक लगा दी गई है, क्योंकि एनटीपीसी ने भारतीय स्टेट बैंक पर आहरित 10 लाख रुपये की टर्म डिपोजिट एडवाइस जमा की है, जो कुल जुर्माना राशि का 25 प्रतिशत है। मामले की सुनवाई अब 27 फरवरी, 2024 को होने की संभावना है। एनटीपीसी ने सीसीआई के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी थी, जो भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के फैसलों पर एक अपीलीय प्राधिकरण है। एनसीएलएटी ने इस सप्ताह जारी अपने आदेश में सीसीआई को एनटीपीसी की अपील पर चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके बाद एनटीपीसी को चार सप्ताह के भीतर प्रत्युत्तर दाखिल करने की भी अनुमति दी गई है। एनटीपीसी ने 2020 में अपने ऋणदाताओं से आरजीपीपीएल के इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण किया था। इस अधिग्रहण के परिणामस्वरूप, आरजीपीपीएल में इसकी शेयर पूंजी 25.98 प्रतिशत से बढ़कर 60.98 प्रतिशत की बहुमत हिस्सेदारी हो गई। सीसीआई ने एनटीपीसी को कारण बताने के लिए नोटिस भेजा, क्योंकि प्रतिस्पर्धा अधिनियम के अनुसार, उद्यमों को उसी व्यवसाय में शामिल किसी अन्य उद्यम में नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल करने से पहले इसकी अनुमति लेनी होती है।

गुजरात वाइब्रेंट गुजरात 2024 के लिए तैयार

गांधीनगर। 2024 की पहली छमाही के लिए निर्धारित 10वां वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024, 12 दिसंबर को सूरत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसजीसीसीआई) में एक प्री-इवेंट कार्यक्रम के साथ शुरू होगा। यह आयोजन आभूषण और रत्न क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसका विषय आभूषण, रत्न और गुजरात , उज्ज्वल भारत के लिए पुनर्जागरण होगा।

यह सेमिनार राष्ट्रीय और वैश्विक वक्ताओं, उद्योगपतियों और अन्य हितधारकों के लिए विकसित भारत ञ्च 2047 पहल में गुजरात के आभूषण और रत्न क्षेत्र की भूमिका पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

इस कार्यक्रम में गृह और पुलिस आवास, उद्योग और सांस्कृतिक गतिविधियों के मंत्री हर्ष सांघवी, एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ गुजरात (एसोचैम गुजरात) के अध्यक्ष चिंतन ठाकर शामिल होंगे। विकसित भारतञ्च2047 सेमिनार में तीन तकनीकी सत्र होंगे। पहले सत्र, बिल्डिंग ब्रिलिएंस ॅ 2047 एंड बियॉन्ड के लिए गुजरात का विजन में पैनल चर्चाएं होंगी, जिसमें जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका, भारत की प्रबंध निदेशक (पूर्व) निरूपा भट्ट सहित अन्य लोग शामिल होंगे। दूसरा सत्र, रीइमेजिनिंग जी एंड जे ॅ ए विजन फॉर गुजरात्स टेक-पावर्ड ट्रांसफॉर्मेशन, आभूषण और रत्न क्षेत्र की निरंतर वृद्धि और विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर केंद्रित होगा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, अहमदाबाद के निदेशक प्रवीण नाहर इस पैनल चर्चा का नेतृत्व करेंगे। अंत में लैब ग्रोन डायमंड्स ॅ ए विजनरी जर्नी फॉर गुजरात्स नेक्स्ट थीम के तहत तीसरा सत्र होगा, जिसमें प्रयोगशाला में विकसित डायमंड सेक्टर और गुजरात के भविष्य में इसकी संभावनाओं पर चर्चा होगी। चर्चा में ग्रीनलैब डायमंड्स के पार्टनर स्मित पटेल और एएलटीआर क्रिएटेड डायमंड्स और जे'ईवीएआर के सीईओ स्नेहल पटेल जैसी प्रमुख हस्तियों की भागीदारी शामिल होगी।

मलाइका अरोड़ा की बॉसी स्टाइल को मिली वाहवाही

50 साल की उम्र में भी मलाइका अरोड़ा की हॉटनेस के आगे अच्छी-अच्छी बॉलीवुड एक्ट्रेस फेल हो जाती हैं. अक्सर मलाइका अपने इंस्टा अकाउंट पर बोल्ड तस्वीरों से फैंस के पसीने छुड़ा देती हैं. हाल ही में उन्होंने कुछ ऐसी ही तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह बेहद बोल्ड और खूबसूरत नजर आ रही हैं. बॉलीवुड की सबसे बोल्ड और सेंसेशनल एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

एक्ट्रेस हर रोज अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ न कुछ वीडियो या फोटोज शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने ऐसी ही कुछ क्लासिक बॉसी स्टाइल में तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें वह बेहद खूबसूरत और गॉर्जियस नजर आ रही हैं. अदाकारा मलाइका अरोड़ा ने अपने बॉसी स्टाइल और बोल्ड लुक से फैंस के बीच खलबली मचा दी है. अदाकारा की ये तस्वीरें खूब चर्चा में हैं. सफ़ेद कलर के कोट में एक्ट्रेस बेहद स्टाइलिश नजर आ रही हैं. कभी मलाइका ने अपनी अपनी मुस्कान से तो कभी सिजलिंग पोज से अदाओं के तीर चलाए. मलाइका की यह बॉसी लुक वाली तस्वीरें जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली हैं. मलाइका अरोड़ा इंस्टा पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी यहां तगड़ी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस को करीब 19 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

मेरे लिए दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण है : आंचल

शो परिणीति में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री आंचल साहू ने कहा कि परिणीति के किरदार में कदम रखना, एक ऐसा किरदार जो नीति के साथ अपनी दोस्ती को गहराई से महत्व देता है, उसे अपनी मान्यताओं की प्रतिकृति जैसा लगता है। परिणीति अपनी सम्मोहक कहानी के लिए दर्शकों से प्रशंसा बटोर रही है, जो परिणीत (अंचल), संजू (अंकुर वर्मा), और नीति (तन्वी डोगरा) जैसे पात्रों के साथ एक जटिल प्रेम त्रिकोण बुनती है। शो में संजू नीति से तलाक के बाद परिणीत के सामने शादी का प्रस्ताव रखते हैं लेकिन परिणीत उनके प्रस्ताव को खारिज कर देती हैं और उनसे सवाल करती हैं कि वह अपनी सबसे अच्छी दोस्त नीति को कैसे छोड़ सकते हैं क्योंकि पहले उन्होंने अपने सारे रिश्ते दांव पर लगा दिए थे। उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि इससे नीति का दिल टूट जाएगा।

परिणीत के किरदार की तरह, जो शो में प्यार से ज्यादा दोस्ती को महत्व देती है, आंचल अपने वास्तविक जीवन में भी दोस्ती के महत्व को दर्शाती है। दोस्ती और उसके महत्व के बारे में बात करते हुए, आंचल ने कहा: दोस्ती, मेरे लिए, मेरे जीवन की आधारशिला रही है। परिणीत के किरदार में कदम रखना, एक ऐसा किरदार जो नीति के साथ अपनी दोस्ती को गहराई से महत्व देता है, मेरे अपने विश्वासों की प्रतिकृति जैसा लगता है। मैं अपने वास्तविक जीवन में बहुत अच्छे दोस्त पाकर बहुत भाग्यशाली हूं, जिनके साथ मैं खुद रह सकता हूं और अपनी खुशियां और दुख साझा कर सकता हूं। जब भी परिणीति के सेट पर छुट्टी होती है, मैं अपने दोस्तों के साथ कुछ हंसी-मजाक भरे पल बिताना सुनिश्चित करती हूं। मैं हमेशा उनसे मिलने के लिए उत्सुक रहती हूं। वे ही हैं जो हमेशा हर संभव तरीके से मेरा समर्थन करते हैं और मुझे प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए दोस्ती सबसे महत्वपूर्ण है।

भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता
माननीय श्री
विष्णुदेव साय जी
को छत्तीसगढ़ प्रदेश के
मुख्यमंत्री बनने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
एम. डी. ठाकुर
प्रदेश उपाध्यक्ष
जनजातिय मोर्चा, छत्तीसगढ़